


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 324

ग्वालियर, शनिवार 13 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## राजौरी में सेना के शिविर पर हमले में चार जवान शहीद, दो आत्मघाती आतंकी मारे गए

### बांदीपोरा में आतंकियों ने बिहार के युवक को गोली मारी, स्वतंत्रता दिवस से पहले कश्मीर में बढ़े आतंकी हमले

**जम्मू।** स्वतंत्रता दिवस से पहले जम्मू-कश्मीर में प्रवासी मजदूर की हत्या और फिदायीन हमले के जरिए आतंकवादियों ने एक बार फिर चुनौती पेश की है। सुरक्षा बलों ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। कश्मीर के विभिन्न इलाकों में सर्च ऑपरेशन भी जारी है और चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा बरती जा रही है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में गुरुवार तड़के आतंकवादियों ने सेना के एक शिविर पर एक आत्मघाती हमला कर दिया, जिसमें चार जवान शहीद हो गए। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी भी मारे गए हैं। यह हमला लगभग तीन साल के अंतराल के बाद जम्मू-कश्मीर में 'फिदायीन' (आत्मघाती हमलावरों) की वापसी का संकेत है। पुलिस ने बताया कि दोनों आतंकवादियों के बारे में ऐसा माना जा रहा है कि वे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से सम्बद्ध थे। पुलिस ने



बताया कि आतंकवादी घातक 'स्टील कोर' गोलियों से लैस थे और चार घंटे से अधिक समय तक चली मुठभेड़ में दोनों आतंकवादी मारे गये। पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने बताया कि हमला करने वाले दोनों 'फिदायीन' संभवत- आतंकी गुट जैश-ए-मोहम्मद के थे। दिलबाग सिंह के अनुसार, दोनों ने शिविर में घुसने का प्रयास किया, लेकिन वे मारे गए। गोलीबारी में सेना के चार जवान शहीद हो गये। वहीं जम्मू में सेना के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने बताया, गुरुवार तड़के, राजौरी जिले के पारगल में सेना की चौकी पर तैनात संतरियों ने संदिग्ध व्यक्तियों को खराब मौसम का फायदा उठाकर चौकी के पास आते देखा। उन्होंने कहा कि संतरियों ने उन दो आतंकवादियों को चुनौती दी। जिन्होंने चौकी के अंदर प्रवेश करने का प्रयास करते हुए ग्रेनेड फेंके। उन्होंने बताया कि हालांकि, सतर्क सैनिकों ने क्षेत्र को घेर लिया। गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गये और इस अभियान में भारतीय सेना के छह सैनिक घायल हो गए, जिनमें से चार जवान बाद में शहीद हो गये। एक अन्य घटना में बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों ने बिहार के एक प्रवासी मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी है।

## जो योग्य होगा, उसे मंत्रिमंडल में जगह मिलेगी: पंकजा मुंडे

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता पंकजा मुंडे को एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल के पहले विस्तार में कैबिनेट में स्थान नहीं मिला है। शिंदे मंत्रिमंडल के पहले विस्तार में एक भी महिला को स्थान



नहीं दिया गया है। इस पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि शायद इस पद के लायक उनमें योग्यता नहीं हो। महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में विस्तार के तहत पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना धड़े के नौ मंत्रियों और भाजपा के नौ नेताओं ने शपथ ग्रहण की है। मंत्रिमंडल विस्तार में किसी महिला को स्थान नहीं दिए जाने के कारण शिंदे की आलोचना हो रही है। इस बारे में पूछे जाने पर पंकजा मुंड़े ने कहा शामिल किए जाने के लिए मुझमें शायद पर्याप्त योग्यता नहीं है। उन्होंने कहा उनके अनुसार जो योग्य होगा, उसे मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। इस पर मेरा कोई रुख नहीं है। मैं अपने सम्मान को बनाए रखते हुए राजनीति करने की कोशिश करती हूं।

## शाहरुख की मूवी पठान का विरोध करने पर संत को जान से मरने की धमकी

**अहमदाबाद।** शाहरुख खान की आने वाली फिल्म पठान का विरोध करने पर कच्छ के एक संत को सर कलम करने की धमकी मिली है। हिंदू युवा वाहिनी गुजरात के पूर्व अध्यक्ष योगी देवनाथ बाबू को ट्विटर पर धमकी दी गई।गौरतलब है कि ईशनिंदा जैसे मामलों को लेकर देश के विभिन्न शहरों में 4 से अधिक लोगों की हत्या तथा दर्जनों को सर कलम करने की धमकी मिलने के बाद कच्छ के एक संत को ट्विटर पर पठान नामक फिल्म का विरोध करने को लेकर सर कलम करने की धमकी दी गई। दरअसल देवनाथ बापू ने शाहरुख की फिल्म पठान को लेकर ट्विटर पर व अन्य इंटरनेट मीडिया माध्यम पर बहिष्कार करने का ऐलान किया था। अली नामक ट्विटर अकाउंट से संत को शाहरुख की फिल्म का विरोध करने पर सर कलम करने की धमकी दी गई। देवनाथ बापू ने पुलिस को इसकी शिकायत की हैं, जिसकी जांच की जा रही है। धमकी देने वाले की अभी पहचान नहीं हुई है, अली नामक अकाउंट कहां से ऑपरेट किया जा रहा है तथा किस व्यक्ति का है और किस संगठन से जुड़ा है पुलिस अभी इस के तथ्य खंगाल रही है। ट्विटर खाते से संत को धमकी दी गई है वह सलीम अली एसआरके फैन के नाम से बना है। पठान फिल्म का विरोध करने जैसी पोस्ट को लेकर सर कलम करने की धमकी देना अपने आप में कट्टरपंथी विचारधारा के दुष्प्रभाव का परिणाम नजर आता है।

## जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में भारी बारिश ने मचाई तबाही, चार लोगों की मौत, कई जगह भूस्खलन

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में लगातार हो रही वर्षा की वजह से कई स्थानों पर स्थिति गंभीर हो गई है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में गुरुवार को बादल फटने से काफी नुकसान हुआ है और दो लोगों की मौत हो गई है। हिमाचल प्रदेश में भूस्खल की चपेट में आकर दो लोगों की मौत होने का समाचार है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि महाराष्ट्र में अभी 4-5 दिन तक बारिश का दौर जारी रहेगा। जबकि, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और बिहार में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। उत्तराखंड में तेज बारिश के चलते ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं, ओडिशा, छत्तीसगढ़, विदर्भ, गुजरात, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र और तेलंगाना में भारी बारिश का अनुमान है। स्काईमेट वेदर के मुताबिक मानसून ट्रफ (कम दबाव वाला क्षेत्र) कुछ समय के लिए उत्तरी हिस्सों की ओर बढ़ेगा और शनिवार से दिल्ली तथा



अन्य क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान केवल मामूली राहत मिलने की उम्मीद है। कम दबाव वाले क्षेत्र के पूरे उत्तर प्रदेश में उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

इससे दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार में बारिश को एक नया दौर शुरू हो सकता है। स्काईमेट वेदर के मुताबिक, शुक्रवार को मध्य प्रदेश, दक्षिणपूर्व राजस्थान, सौराष्ट्र और कच्छ और कोंकण और गोवा में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। ओडिशा, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ एक या दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। भारत मौसम विभाग ने ओडिशा, छत्तीसगढ़, गुजरात, गोवा, मध्य महाराष्ट्र और तेलंगाना में भारी बारिश का अनुमान व?यक?त किया है। साथ ही उत्तराखंड में तेज बारिश के मद्देनजर ऑरेंज अलर्ट विभाग की ओर से जारी किया गया है। मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, झारखंड के हिस्से, गंगीय पश्चिम बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ के शेष हिस्से, तेलंगाना, तटीय कर्नाटक, पश्चिमी राजस्थान, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश संभव है। उत्तराखंड, लद्दाख, शेष उत्तर पूर्व भारत, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, मध्य महाराष्ट्र, केरल, लक्षद्वीप और तटीय आंध्र प्रदेश में हल्की बारिश संभव है। देश के मध्य हिस्सों में अगले दो दिनों तक एक्टिव मॉनसून की स्थिति जारी रहने की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के इलाकों में 13 से 14 अगस्त के बीच और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 14 अगस्त को तेज बारिश का अलर्ट है।

## सीएम बन पहली बार अपने पैतृक गांव पहुंचे शिंदे, कहा विभागों को बंढ़वारा जल्द होगा



**पुणे।** अपनी पार्टी से बगावत कर मुख्यमंत्री बन एकनाथ शिंदे ने पहली बार सतारा जिले के अपने गांव डेयर पहुंचे। इस दौरान गांव के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। शिंदे ने कहा कि बतौर मुख्यमंत्री मैं पहली बार अपने पैतृक गांव आया हूं। गांव के लोगों द्वारा मुझ पर बरसाए गए स्नेह से अभिभूत हूं। पश्चिमी महाराष्ट्र क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं पर बात कर उन्होंने कहा कि पश्चिमी महाराष्ट्र क्षेत्र में पर्यटन की बड़ी संभावनाएं हैं और राज्य सरकार इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाएगी। विभागों के आवंटन के बारे में पूछने पर शिंदे ने कहा कि विभागों का आवंटन जल्द होगा। उन्होंने कहा कि पहले प्रश्न पूछा जाता था कि कैबिनेट विस्तार कब होगा। अब पूछ रहे हैं कि विभागों का आवंटन कब होगा। जैसे कैबिनेट विस्तार हुआ, विभागों का आवंटन भी जल्द होगा। मालूम हो कि महाराष्ट्र में लंबे समय से शिंदे कैबिनेट के विस्तार का इंतजार था। बीते मंगलवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के 41 दिन बाद शिंदे ने अपने दो सदस्यीय मंत्रिमंडल का विस्तार किया। मंत्रिमंडल में शिवसेना के बागी गुट और भारतीय जनता पार्टी के नौ-नौ सदस्यों को जगह मिली हैं। गौरतलब है कि मंत्रिमंडल में किसी भी महिला नेता को शामिल नहीं किया गया है। शिंदे सरकार को इस कारण नेताओं और महिला अधिकार कार्यकर्ताओं की आलोचना झेलनी पड़ रही है। राज्य में भाजपा की 12 महिला विधायक हैं। शिंदे गुट में दो महिला विधायक हैं, साथ ही उन्हें एक निर्दलीय महिला विधायक का समर्थन भी हासिल है।

## तेजस्वी यादव के 10 लाख सरकारी नौकरियों के वादे पर पहली बार बोले नीतीश कुमार



**नई दिल्ली।** नीतीश कुमार ने अपनी सरकार में एक बार फिर से डिप्टी सीएम बने तेजस्वी यादव के 10 लाख सरकारी नौकरियों के वादे पर टिप्पणी की है। तेजस्वी यादव ने 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान आरजेडी के घोषणा पत्र के जरिए वादा किया था कि वह सरकार में आने पर 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे। अब नीतीश कुमार की सरकार में उनके डिप्टी सीएम बनने के बाद तेजस्वी के वादे को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इसी संबंध में जब नीतीश कुमार से शुक्रवार को सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव सही हैं और हम उनके वादे को पूरा करने के लिए काम करेंगे। नीतीश कुमार ने कहा, %वह सही हैं। हम प्रयास कर रहे हैं और उसे पूरा करने के लिए हरसंभव कोशिश करेंगे। उन्होंने जो कुछ भी कहा है, सही है। हम उसके लिए सभी प्रयास करेंगे।% इस मसले पर आरजेडी का कहना है कि फ्लोर टेस्ट में सरकार के पास होने के बाद इस पर फैसला लिया जाएगा। इसके अलावा तेजस्वी यादव को जेड प्लस सिक्योरिटी मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह डिप्टी सीएम हैं और उन्हें यह मिलनी ही चाहिए। इसके अलावा खुद के पीएम पद के लिए विपक्ष का चेहरा बनने के सवाल पर भी नीतीश कुमार ने टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि मैं आप लोगों से हाथ जोड़कर कहता हूं कि मेरा ऐसा कोई भी प्लान ही नहीं है। इस बीच भाजपा ने एक बार फिर से 10 लाख सरकारी नौकरियों का वादा याद दिलाया है। भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने शुक्रवार को दिल्ली में कहा कि जेडीयू, आरजेडी और कांग्रेस की महागठबंधन सरकार बनने के बाद से राज्य में आपराधिक गतिविधियां बढ़ गई हैं। जंगलराज की वापसी हो गई है। संबित पात्रा ने कहा कि बीते 10 अगस्त को बिहार में एक पत्रकार की गोलीमार कर हत्या कर दी गई। 11 अगस्त को एक और पत्रकार की हत्या कर दी गई और बेतिया के एक पुजारी की गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी गई। 11 अगस्त को ही पटना के एक कार शोरूम में बहुत बड़ी लूट हुई और इसी दिन छपरा में जहरीली शराब के सेवन के कारण 6 लोग मृत्यु को प्राप्त हुए।

## पीएम मोदी ने आचार्य विनोबा भावे से की पूर्व उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू की तुलना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू की विचाराधारा के प्रति प्रतिबद्धता और उनकी वाकपटुता की प्रशंसा करते हुए उनकी तुलना विनोबा भावे से की। विनोबा जानते थे कि यथोचित शब्दों का इस्तेमाल करते हुए किसी चीज को सटीक तरीके से कैसे कहा जाता है। जब मैं आपको सुनता हूं तो उसी विद्वत्ता को देखता हूं। आपके अंदर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने और चीजों को साधारण तरीके से कहने की क्षमता है।

नायडू को लिखे तीन पन्नों के विदाई पत्र में प्रधानमंत्री ने कहा आपकी ऊर्जा असरकारी है। आपके चातुर्य और विवेक में इसे देखा जा सकता है। आपकी एक पंक्ति वाली चुटीली टिप्पणियों की हर जगह प्रशंसा होती है। आपकी सबसे बड़ी शक्तियों में वाकपटुता हमेशा से



शामिल रही है। नायडू की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने लिखा कि नेल्लोर की छोटी गलियों से उप राष्ट्रपति बनने तक आपकी यात्रा उत्कृष्ट और प्रेरणादायी रही है। मोदी ने कहा जब भी कोई चुनौती या आघात आया तो उसने आपके काम करने के संकल्प को और अधिक साहस के साथ मजबूत ही किया। राज्यसभा के सभापति के रूप में नायडू के कामकाज को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह हमेशा संसदीय अनुशासन और परंपराओं के हिमायती रहे हैं। नायडू को वेंकैया 'गारू' संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा जब भी संसद में अप्रिय स्थिति बनी या संसद की गरिमा किसी भी तरह गिरी तो मैंने आपकी व्यक्तिगत अप्रसन्नता और असहजता को महसूस किया। आपने जब भी इस बारे में बात की, तो आपकी आवाज में गहरा दर्द था, हमारे देश के दीर्घकालिक भविष्य और लोकतंत्र की जीवंतता के लिए आपकी चिंता जाहिर होती थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभापति के रूप में नायडू ने उत्कृष्ट तरीके से सदन का संचालन किया। उन्होंने लिखा सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं के साथ आपके मधुर संबंध सदन में सौहार्द की भावना को मजबूत करते थे।

## अमृत महोत्सव सप्ताह के कार्यक्रमों में भाग लेने कल अमेठी जाएंगी स्मृति ईरानी

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी में आजादी की 75वीं वर्षगांठ में आयोजित अमृत महोत्सव सप्ताह समारोह के रूप में मनाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर अपने संसदीय क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 13 अगस्त को अमेठी जाने वाली हैं। एक दिवसीय दौरे पर अमेठी जा रही केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अपने गोद लिए गांव सुजानपुर में अमृत सरोवर का लोकार्पण करने के बाद जिला मुख्यालय स्थित एक विद्यालय में जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगी। जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला अधिकारी राकेश कुमार मिश्र की ओर से



प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कार्यक्रम का रोस्टर जारी किया गया। रोस्टर के अनुसार, आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम में 13 अगस्त को बाल विकास एवं पुष्टहार व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी शामिल होंगी। गौरीगंज के मनीषी महिला महाविद्यालय में लोकगायन अशोक त्रिपाठी तो वहीं संतोष उपाध्याय और जादू शो कार्यक्रम राजेश श्रीवास्ताव प्रस्तुत करेंगे। दोनों दिन कार्यक्रम की जिम्मेदारी डीपीआरओ अमेठी श्रीकांत यादव को दिया गया। वहीं 13 अगस्त को गौरीगंज के सुजानपुर में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमृत सरोवर का लोकार्पण करते हुए ध्वजारोहण करेंगी। इस अवसर पर 75 बाइक की रैली व सभी ग्राम पंचायतों में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान स्मृति ईरानी रैली में स्कूटी चलाती दिख सकती हैं। इसी दिन दोपहर बाद गौरीगंज स्थित विद्यालय परिसर में स्मृति जनप्रतिनिधियों के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम की बैठक करेंगी।

## खास खबर

### काबुल के मदरसे में बम विस्फोट, धार्मिक नेता शेख रहीमुल्ला हक्कानी की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के मदरसे में हुए बम हमले में तालिबान के एक प्रमुख धार्मिक नेता शेख रहीमुल्ला हक्कानी की मौत हो गई है। तालिबान प्रशासन के प्रवक्ता बिलाल करीमी ने बताया कि बहुत दुख की बात है कि सम्मानित मौलवी शेख रहीमुल्लाह हक्कानी दुश्मनों के कायरतापूर्ण हमले में शहीद हो गए हैं। आईएसआईएल (आईएसआईएस) सशस्त्र समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। तालिबान सूत्रों ने बताया कि हमलावर का एक पैर नहीं था और वह अपने कृत्रिम पैर में विस्फोटकों को प्लास्टिक के भीतर छिपा कर लाया था। आंतरिक मंत्रालय के एक वरिष्ठ तालिबान अधिकारी ने कहा हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि यह व्यक्ति कौन था और उसे शेख रहीमुल्लाह हक्कानी के निजी कार्यालय में प्रवेश करने के लिए इस महत्वपूर्ण स्थान पर कौन लाया था। यह अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है।

### पाकिस्तान में हिंदू मंदिर से कीमती सामान चोरी, पुलिस ने 4 को किया गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पुलिस ने कराची में स्थित हिंदू मंदिर से कथित तौर पर आठ मूर्तियों और भगवान हनुमान की गदा सहित अन्य कीमती सामान चोरी करने के आरोप में गुरुवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया। रिपोर्ट के मुताबिक कराची के ल्यारी इलाके में स्थित मंदिर से चोरी सामान को बाद में कबाड़ के खरीदारों को बेच दिया गया। पुलिस के हवाले से कहा गया कि संदिग्ध स्थानीय अपराधी थे, जिन्होंने पिछले महीने मंदिर से मूर्तियों, हनुमान की गदा जैसे कीमती सामान चुराए थे और बाद में उन्हें कबाड़ के खरीदारों को बेच दिया था। उन्होंने बताया कि करीब आठ मूर्तियां, भगवान हनुमान की गदा और पूजा की अन्य वस्तुएं चोरी हो गई हैं। पुलिस ने चोरी के सामान के दो खरीदारों सैफुद्दीन और जकारिया अनवर को भी गिरफ्तार कर उनकी हिरासत से सामान बरामद किया था। गौरतलब है कि विभिन्न अवसरों पर यहां अल्पसंख्यक समुदायों के मंदिरों और अन्य धार्मिक संस्थानों पर हमले हुए हैं।

### इसरो ने स्पेक्स को दी स्पेस ट्यूटर की मान्यता

**देहरादून।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने देहरादून की वैज्ञानिक संस्था, सोसाइटी ऑफ़ पोल्लुशन एंड एनवायर्नमेंटल कन्सर्वेटिव साइंटिस्ट्स (स्पेक्स) को स्पेस ट्यूटर की मान्यता प्रदान की है। इससे अब स्पेक्स उत्तराखंड में अंतरिक्ष विज्ञान का प्रचार प्रसार करने और उससे जुड़े जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए इसरो की ओर से अधिकृत परिषद बन गई है। यहां जानकारी देते हुए स्पेक्स के सचिव डॉ. बृज मोहन शर्मा ने बताया कि इसरो की ओर से स्पेक्स देहरादून को स्पेस ट्यूटर की मान्यता दिए जाने से राज्य में अंतरिक्ष शिक्षा,अंतरिक्ष विज्ञान व तकनीक को लेकर होने वाले जागरुकता कार्यक्रमों की संख्या में इजाफा होगा। उन्होंने बताया कि ज्यादा संख्या में और बेहतर प्रकार के कार्यक्रम स्कूल, कॉलेजों में आयोजित हो सकेंगे। जिससे विद्यार्थियों को अंतरिक्ष के क्षेत्र में भविष्य बनाने में मदद मिले सकेगी। उन्होंने कहा कि इसरो की ओर से स्पेस ट्यूटर का दर्जा दिए जाने से जागरुकता कार्यक्रमों में तेजी आने के साथ-साथ इनकी संख्या तो बढ़ेगी ही और इनकी गुणवत्ता भी और ज्यादा बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से और ज्यादा रोचक जानकारी विद्यार्थियों को दी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में पद्मश्री अलूरु सीलिन किरण कुमार, मेंबर स्पेस कमीशन व फॉर्मर सेक्रेटरी डिपार्टमेंट ऑफ़ स्पेस भारत सरकार, सुधीर कुमार डायरेक्टर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्था उपस्थित रहे।

### बिहार के सारण में जहरीली शराब पीने से 4 लोगों की मौत

**छपरा।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है, लेकिन जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। राज्य में शराब बनाना, बेचना, रखना, पीना और पिलाना सब गैरकानूनी है। फिर भी बड़े पैमाने पर अवैध शराब का उत्पादन किया जाता है। अवैध रूप से बनाई गई शराब पाकर मरने वालों की संख्या में कमी नहीं आई है। बिहार के सारण में एक बार फिर जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भुआलपुर गांव में जहरीली शराब पीने से 4 लोगो की मौत हो गई है। भुआलपुर मढ़ौरा विधायक जितेंद्र राय का पैतृक गांव है। घटना स्थल पर पुलिस के साथ जिला प्रशासन के पदाधिकारी पहुंच चुके हैं। शराब पीने को लेकर गांव में चुप्पी है। लेकिन, कुछ लोग भीड़ से हटकर बता रहे हैं कि मरने से पहले चारो लोगों ने शराब पी थी।

## न्यूज़ ट्रैक....

### विराट के समर्थन में उतरे जयवर्धने

**दुबई** । श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली का बचाव करते हुए कहा है कि वह शीघ्र ही फार्म में आयेंगे। जयवर्धने ने कहा है कि विराट एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और वह लंबे समय से चली आ रही अपनी खराब फॉर्म से उबरने में सक्षम हैं। विराट पिछले दो साल से बड़ा स्कोर भी नहीं बना पाये हैं। प्रशंसक उनके 71 शतक का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। विराट नवंबर 2019 के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कोई शतक नहीं लगा पाये हैं। इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड दौरे में सभी प्रारुपों की 6 पारियों में केवल 76 रन ही बनाये थे। जयवर्धने ने एक कार्यक्रम में कहा, 'विराट अभी जिस दौर से गुजर रहे हैं, वह दुर्भाग्यपूर्ण है हालांकि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मेरा मानना है कि विराट के पास इस दौर से बाहर निकलने के साधन और क्षमताएं भी हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे पूरा भरोसा है कि वह इस खराब दौर से उबरने में सफल रहेंगे। फॉर्म अस्थायी होती है जबकि आपका कौशल स्थायी।' ऐसे में अब एशिया कप में सभी की नजरें विराट के खेल पर रहेंगी।

### ऋषभ बने उत्तराखंड के ब्रांड एंबेसडर


**नई दिल्ली** । आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत उत्तराखंड के ब्रांड एंबेसडर बने हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह घोषणा की। धामी यहां स्थित उत्तराखंड सदन में ऋषभ का सम्मान भी करेंगे। पंत उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रुड़की के मूल निवासी हैं। यहीं उनकी प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा हुई। वह दिल्ली की ओर से रणजी ट्रॉफी में खेलते हैं। राज्या सरकार ने उत्तराखंड के युवाओं को खेल कूद एवं जन स्वास्थ्य के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए ही इस क्रिकेटर को राज्य का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने का फैसला लिया है। पंत को ब्रांड एंबेसडर बनाने की सूचना धामी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर दी। धामी ने लिखा, पंत से बातचीत होने और उनकी स्वीकृति उन्हें राज्य का ब्रांड एंबेसडर बनाने का आदेश भी जारी कर दिया है।

### भारतीय फुटबॉल टीम सिंगापुर और वियतनाम से मैत्री मैच खेलेगी

**नई दिल्ली** । भारतीय पुरूष फुटबॉल टीम अगले माह सितंबर में सिंगापुर और वियतनाम से दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम 24 सितंबर को सिंगापुर से जबकि 27 सितंबर को मेजबान वियतनाम से खेलेगी। इससे टीम को 2022 एएफएफ मित्सुबिशि इलेक्ट्रिक कप की तैयारी में लाभ मिलेगा। भारतीय टीम 22 सितंबर को वियतनाम जायेगी और 28 सितंबर को लौटेगी। वियतनाम फुटबॉल महासंघ के अनुसार तीनों टीमें 21 से 27 सितंबर तक टूर्नामेंट खेलेंगी और इसमें अधिक अंक पाने वाली टीम को विजेता घोषित किया जायेगा।

# ईडन गार्डन में होगा भारत और शेष विश्व टीम के पूर्व क्रिकेटरों के बीच मुकाबला

### भारतीय टीम की कप्तानी गांगुली , शेष विश्व की मॉर्गन संभालेंगे



**मुम्बई।** भारत और शेष विश्व टीम के बीच अगले माह 15 सितंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन में होने वाले मैच में कई दिग्गज पूर्व क्रिकेट भाग लेंगे। इस मैच का अनुरोध आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के तहत ही हो रहा है। पिछले महीने की शुरुआत में ही केंद्र सरकार ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से भारतीय टीम और शेष विश्व के बीच एक क्रिकेट मैच आयोजित करने का अनुरोध किया था। इस मैच में भारतीय टीम का नेतृत्व पूर्व कप्तान और बीसीसीआई के वर्तमान अध्यक्ष सौरव गांगुली करेंगे जबकि हाल ही में संन्यास लेने वाले इंग्लैड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन शेष विश्व टीम की कप्तानी करेंगे। भारतीय टीम में सौरव गांगुली के साथ वीरेंद्र सहवाग, मोहम्मद कैफ, इरफान पठान, पार्थिव पटेल और हरभजन सिंह जैसे खिलाड़ी होंगे। वहीं मॉर्गन की टीम में श्रीलंका के मावेरिक्स सनथ जयसूर्या और मुथैया मुरलीधरन के साथ ही हर्शल गिब्स, जैक्स कैलिस और डेल स्टेन जैसे खिलाड़ी रहेंगे। इस मैच में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली रहेंगे।

#### इस मैच के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है :

सौरव गांगुली (कप्तान), वीरेंद्र सहवाग, मोहम्मद कैफ, यूसुफ पठान, सुब्रमण्यम बद्रीनाथ, इरफान पठान, पार्थिव पटेल, स्टुअर्ट बिन्नी, एस श्रीसंत, हरभजन सिंह, नमन ओझा, अशोक डिंडा, प्रज्ञान ओझा, अजय जडेजा, आरपी सिंह, जोगिंदर शर्मा, रितिंदर सिंह सोढ़ी।

#### शेष विश्व टीम

इयोन मॉर्गन (कप्तान), लेंडल सिमंस, हर्शल गिब्स, जैक्स कैलिस, सनथ जयसूर्या, मैट प्रायर, नाथन मैकुलम, जोंटी रोड्स, मुथैया मुरलीधरन, डेल स्टेन, हैमिल्टन मसाकाद्जा, मशरफे मुर्तजा, असगर अफगान, मिशेल जॉनसन, ब्रेट ली, केविन ओब्रियन, दिनेश रामदीन।

# टीम में बुमराह की कमी पूरी करेंगे अर्शदीप और आवेश



**नई दिल्ली** । अगले माह होने वाले एशिया कप में भारतीय टीम अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना उतरेगी। बुमराह को पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण इस टूर्नामेंट के लिए शामिल नहीं किया है। आगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए भी टीम प्रबंधन बुमराह को लेकर कोई खतरा मौल नहीं लेना चाहता है। बुमराह के नहीं होने के बाद भी भारतीय टीम पर शायद ही प्रभाव पड़े क्योंकि उसके पास दो काफी अच्छे तेज गेंदबाज हैं। अर्शदीप सिंह = अर्शदीप ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। इसी के बाद से ही उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिल। अर्शदीप ने पिछले महीने ही टी20 में डेब्यू किया था और अब तक उन्होंने 6 टी20 में कुल 20 विकेट लिए हैं। दक्षिण अफ्रीका और बेस्टइंडीज के बाद उन्होंने इंग्लैंड दोरे में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। डेथ ओवरों में अपनी सटीक यार्कर के लिए वह जाने जाते हैं। दबाव के बीच भी बेहतर प्रदर्शन करना उनकी खासियत है। आवेश खान = आवेश आईपीएल में और भारतीय टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करते रहे है। आवेश ने आईपीएल में अब तक 38 मैच खेले है जिनमें कुल 47 विकेट लिए है। इस तेज गेंदबाज ने अपना डेब्यू फरवरी में हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 में किया था। उन्होंने तब से 13 टी20 मैच खेले है जिसमें 11 विकेट लिए है। ऐसे में वो बुमराह की की कमी काफी हद तक पूरी कर सकते है।डेथ ओवरों के साथ ही वह नई गेंद से भी अच्छी गेंदबाजी में माहिर हैं।

# अब क्रिकेट पर हावी होने लगी टी20 लीग

**ऑकलैंड** । न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने जिस प्रकार टी-20 लीग में खेलने के लिए केन्द्रीय अनुबंध को ठुकरा दिया है। उससे यह बात सामने आने लगी है कि अब क्रिकेट भी फुटबॉल की तर्ज पर आगे बढ़ने लगा है जहां लीग मुकाबले अहम होते हैं और विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंटों के दौरान ही खिलाड़ी देश की ओर से खेलते हैं। खेल में टी-20 क्रिकेट आने से आज सभी देशों में अलग-अलग लीग हो गयी हैं। इसका असर से हुआ है कि पैसे के कारण वेस्टइंडीज , जिम्बाब्वे जैसी टीमों के खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम की जगह लीग मुकाबलों में खेलने को वरीयता देने लगे हैं। यहां तक कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के बिग बैश छोड़कर यूएई लीग जाने की आशंका है। बोल्ट टी20 लीग में खेलने के अपने फैसले के पीछे कारण ये बताया है कि वह अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं, साथ ही घरेलू लीग में भी भाग लेना चाहते हैं। यानी वेस्टइंडीज़ के कई खिलाड़ियों की तरह वह भी अलग-अलग देशों में जाकर टी-20 लीग खेलना चाहते हैं। बोल्ट के केन्द्रीय अनुबंध से अलग होने का मतलब यह नहीं है कि वह अब न्यूजीलैंड के लिए क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे। बस इतना होगा कि जो तय सालाना फीस उनको मिलती थी, वह अब नहीं मिलेगी , उन्हें मैच के हिसाब से रकम मिलेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेदबाज़ जेसेन गिलेस्पी ने इस फैसले पर कहा कि क्रिकेट अब बदल रहा है, बड़ा तबका अभी भी अपने देश के लिए खेलना चाहता है पर अब रुख बदल रहा है। वहीं कई दिग्गज खिलाड़ियों का मानना है कि टी20 लीग और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बीच समन्वय बनाना होगा।

## इरफान पठान ट्रोलर्स के निशाने पर आये

**मुंबई** । भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान अभिनेता आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्डा के कारण ट्रोलर्स के निशाने पर आये हैं। हुआ यूं कि इरफान ने बॉयकॉट लाल सिंह चड्डा के ट्रेंड के बीच ही न केवल इस फिल्म को देखने की खबर शेयर की बल्कि इस फिल्म और उसके कलाकारों की भी जमकर प्रशंसा की। इसके बाद से ही पठान सोशल मीडिया पर ट्रोल हो गए हैं। पठान ने फिल्म देखने के बाद अपने ट्वीट में लिखा कि लाल सिंह चड्डा देखकर मजा आ गया। लाल अपनी मासूमियत से आपको, अपना दीवाना बना लेगा। आमिर हमेशा की तरह अपनी भूमिका को परफेक्शन के साथ निभाते हैं। कमाल की फिल्म है। पठान का ट्वीट करना था और फिर क्या वह सोशल मीडिया पर ट्रोल हो गए। उन्हें सोशल मीडिया पर अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं मिलनी शुरू हो गई। एक यूजर ने लिखा है कि लगता है आपका टेस्ट खराब है। एक अन्य यूजर ने पठान को रिप्लाई किया है कि घटिया को अच्छा कहने से अच्छा नहीं होगा।



मोनाको में जमैका की नेटोया गोले ने महिलाओं की 800 मीटर रेस जीती।

# एशिया कप के लिए घोषित पाक टीम संतुलित नहीं :तौसीफ

**लाहौर** । भारत के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी एशिया कप के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। इस टीम में तेज गेंदबाज हसन अली शामिल नहीं किया गया है। हसन के अलावा अनुभवी शोएब मलिक भी बाहर कर दिये गये हैं। टीम चयन के बाद से ही इसकी आलोचना भी शुरु हो गयी है। खेल प्रशंसकों ने हसन अली को टीम में शामिल नहीं करने पर हैरानी जतायी है। वहीं पूर्व गेंदबाज तौसीफ अहमद का कहना है कि पीसीबी की यह टीम संतुलित नहीं है। उन्होंने कहा कि कई खिलाड़ी जो कुछ साल पहले वहां थे। किसी न किसी प्रकार से वापसी कर रहे हैं। जब भी कोई बड़ा टूर्नामेंट सामने आता है उन खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है जिनके बारे में पहले कहा जाता था कि तो इन्हें क्रिकेट छोड़ देना चाहिए। इससे साफ है कि आपके पास बैकअप प्लान नहीं है। तौसीफ के अनुसार टीम का पूरा ध्यान केवल भारत के खिलाफ मुकाबलों पर रहता है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, हम चाहते हैं कि हमारी टीम अच्छी हो। हम सोच रहे थे कि वे शोएब को चुनेंगे, क्योंकि आप इस समय केवल इन लोगों को ही याद करते हैं लेकिन हम वास्तव में एशिया कप की परवाह नहीं करते हैं, हम केवल भारत के खिलाफ उन 2 से 3 मैचों की परवाह करते हैं।

## व्यापारन्यूज

### एलन मस्क ने टेस्ला में अपने 80 लाख शेयर बेचे

**न्यूयॉर्क** । दिग्गज अमेरिकी कारोबारी और दुनिया के रईस एवं टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने ट्विटर के साथ कानूनी लड़ाई से पहले कंपनी में अपने करीब सात अरब डॉलर के शेयर बेच दिए हैं। मस्क ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। मस्क ने बताया कि उन्होंने हाल के दिनों में टेस्ला इंक में अपने करीब 80 लाख शेयर बेचे हैं। टेस्ला और ट्विटर दोनों में ही मस्क सबसे बड़े शेयरधारक हैं। मस्क ने ट्वीट किया, 'अगर ट्विटर सौदे को पूरा करने का दबाव बनाती है और कुछ इक्विटी साझेदार साथ नहीं आते हैं तो टेस्ला के शेयरों की आपातकालीन बिक्री से बचने के लिए ऐसा करना जरूरी है।' मस्क ने आरोप लगाया था कि कंपनी ट्विटर के फर्जी खातों की संख्या के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दे सकी, जिसके चलते उन्होंने यह सौदा रद्द किया। मस्क ने इस साल की शुरुआत में करीब 44 अरब डॉलर में ट्विटर के अधिग्रहण का समझौता किया था।

### ऑलकार्गो लॉजिस्टिक्स के लाभ में दो गुना वृद्धि

**मुंबई** । देश की प्रतिष्ठित कंपनी ऑलकार्गो लॉजिस्टिक्स का जून तिमाही में बेहतर प्रदर्शन करके समेकित शुद्ध लाभ दो गुना से भी अधिक बढ़ाया जो 280 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वर्ष समान तिमाही में कंपनी को 106 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसमें बताया गया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी का समेकित राजस्व 65 फीसदी बढ़कर 5,675 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वर्ष जून तिमाही में 3,449 करोड़ रुपये था। कंपनी का ईबीआईटीडीए (ब्याज, कर, मूल्यह्रास से पहले की कमाई) दोगुना होकर 434 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वर्ष समान तिमाही में 217 करोड़ रुपये था।

### पीएम आवास योजना 2024 तक बढ़ाने का फैसला

**नई दिल्ली** । केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) (शहरी) को दिसंबर 2024 तक जारी रखने की बुधवार को मंजूरी दी। 'सभी के लिए आवास' उपलब्ध कराने के अभियान को जून, 2015 में शुरु किया और इसकी मूल समय सीमा मार्च 2022 थी। सरकार के अनुसार, 31 मार्च, 2022 तक स्वीकृत 122.69 लाख मकानों का निर्माण पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता देती हैं। बयान में कहा गया है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अनुरोध के आधार पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएमएवाई-शहरी के कार्यान्वयन की अवधि को 31 दिसंबर, 2024 तक बढ़ाने का फैसला किया।

# रक्षाबंधन के त्योहार के बाद गिरावट के साथ खुला शेयर बाजार



**मुंबई** । मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ खुला। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन दिग्गज आईटी कंपनियों टीसीएस, इंफोसिस और मारुति के शेयरों में गिरावट से शुरुआती कारोबार के दौरान ही बीएसई सेंसेक्स नीचे आया। शुरुआती कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला सूचकांक 155.21 अंक करीब 0.26 फीसदी नीचे आकर 59,177.39 अंक पर खिसक गया। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 37.25 अंक तकरीबन 0.21 फीसदी के नुकसान से 17,621.75 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में सबसे अधिक 1.34 फीसदी की गिरावट टेक महिंद्रा के शेयरों में रही। इसके अलावा नेस्ले इंडिया, मारुति, इंफोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट, टीसीएस और सन फार्मा के शेयर भी शुरुआती कारोबार में नीचे आये। वहीं दूसरी ओर, टाटा स्टील, पॉवर ग्रिड, एसबीआई, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन के शेयर ऊपर आये। गत सत्र में बीएसई का तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 515.31 अंक तकरीबन 0.88 फीसदी के उछाल के साथ ही 59,332.60 अंक पर बंद हुआ था। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 124.25 अंक करीब 0.71 फीसदी की वृद्धि के साथ 17,659 अंक पर बंद हुआ था।

## शुरुआती कारोबार में रुपया गिरा

**मुंबई** । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को रुपया नीचे आया है। डॉलर में आई मजबूती और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपये में ये गिरावट आई है। इससे शुरुआती कारोबार में ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे टूटकर 79.71 पर पहुंच गया। इसी प्रकार अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 79.67 पर खुला। इससे रुपये में गिरावट आई। इस प्रकार रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले 9 पैसे टूटकर कारोबार कर रहा था जबकि गत दिवस रुपया डॉलर के मुकाबले 37 पैसे की गिरावट के साथ ही 79.62 प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ था। इसी बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 फीसदी नीचे आकर 105.20 पर पहुंच गया।

# ग्राहकों को पसंद आ रही ग्रैंड विटारा और नई ब्रेजा एसयूवी

**नई दिल्ली** । ग्राहकों को मारुति सुजुकी कंपनी की दोनों ही ग्रैंड विटारा और नई ब्रेजा एसयूवी खूब पसंद आ रही हैं। दोनों एसयूवी की एक लाख से अधिक बुकिंग अब तक हो चुकी है। कंपनी ने हाल ही में ग्रैंड विटारा को पेश किया है। उससे पहले कंपनी ने नई ब्रेजा को मार्केट में उतारा था। दोनों गाड़ियों की ऑनलाइन बुकिंग हो रही है। मारुति सुजुकी दोनों एसयूवी के दम पर भारतीय मार्केट में इस सेगमेंट में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में जुटी है।

ग्राहकों के बीच अब तक दोनों ही एसयूवी का बढ़िया रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। अब तक ग्रैंड विटारा की 26,000 से अधिक यूनिट की बुकिंग हो चुकी है। वहीं, नई ब्रेजा को अब तक 75,000 से अधिक लोगों ने बुक किया है। दोनों को मिलाकर कंपनी को एक लाख से अधिक यूनिट के ऑर्डर मिल चुके हैं। हर रोज दोनों ही एसयूवी की जमकर बुकिंग हो रही है। 11 जुलाई से ग्रैंड विटारा की बुकिंग की शुरुआत हुई थी। वहीं, नई ब्रेजा के लिए बुकिंग 21 जून से शुरू हुई थी। ग्रैंड विटारा की बुकिंग का आंकड़ा तीन सप्ताह के भीतर 20,000 हजार के पार चला गया था। नई एसयूवी ग्रैंड विटारा को 11,000 रुपये में बुक किया जा सकता है। ग्रैंड विटारा की अनुमानित कीमत 9.5 लाख रुपये (एक्स-शो रूम) हो सकती है। इसमें कंपनी वेंटिलेटेड सीट, मल्टीपल ड्राइविंग मोड जैसे फीचर्स भी दे रही है। ग्रैंड विटारा मिड-साइज एसयूवीमारुति सुजुकी की पहली ऐसी कार होगी, जो हाइब्रिड इंजन के साथ आएगी।नई ब्रेजा को लॉन्च के पहले ही दिन अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पहले ही इसकी 4,500 यूनिट बुक हुई थीं।

लॉन्च के बाद इसकी बुकिंग का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। कंपनी ने इस कार की बुकिंग, बीते 21 जून को शुरू की थी, जबकि 30 जून को इसे लॉन्च किया गया था। नई ब्रेजा को सिर्फ 11,000 रुपये देकर बुक किया जा सकता है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रैंड विटारा के मजबूत हाइब्रिड वैरिएंट को लेकर लोगों में दिलचस्पी देखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि अब तक बुक ग्रैंड विटारा में से आधी प्री-बुकिंग हाइब्रिड वैरिएंट की हुई है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्याज दरों में इजाफा

**नई दिल्ली** । देश के बैंकों की शीर्ष निगरानी संस्था रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बीते सप्ताह रेपो रेट में 0.50 फीसदी का इजाफा कर दिया। इसके बाद कई बैंकों ने अपनी ब्याज दरों में वृद्धि की है। अब इस सूची में एक बड़े बैंक का नाम जुड़ गया है। दरअसल, सार्वजनिक क्षेत्र के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ग्राहकों को जोरदार झटका दिया है। बैंक ने विभिन्न अवधि वाले कर्ज के लिए मार्जिनल कॉस्ट बेस्ड लेंडिंग रेट यानी एमसीएलआर में 0.20 फीसदी तक की वृद्धि की घोषणा की है।

# दो साल बाद अपना कारोबार संभालने के लिए चीन पहुंचे 107 भारतीय कारोबारी

**नई दिल्ली** । भारत और चीन के बीच बड़े व्यापारिक रिश्ते हैं। चीनी उत्पादों के लिए भारत एक बड़ा बाजार है। कई भारतीय व्यापारी भी चीन में जाकर अपना कारोबार करते हैं। लेकिन कोरोना ने स्थितियों को काफी बिगाड़ दिया। कोरोना महामारी की शुरुआत में चीन से जो भारतीय वापस देश लाए गए, उनमें से अधिकांश अभी तक भी चीन वापस नहीं जा सके हैं। कोरोना की शुरुआत के बाद से पहली बार भारत से एक विशेष विमान मंगलवार को चीन में उतरा। यह विमान 107 भारतीय व्यापारियों को लेकर चीनी शहर हांग्जो में उतरा। ये भारतीय व्यापारी कोविड के बाद से चीन नहीं जा पाए थे। अपना व्यापार संभालने के लिए वापस चीन पहुंचकर ये लोग काफी खुश हैं।

विशेष विमान से चीन पहुंचे ये लोग साल 2020 से ही भारत में फंसे हुए थे। भारत ने कोविड की शुरुआत में विदेशों से अपने लोगों को वापस लाने के लिए वंदे भारत मिशन चलाया था। इसके तहत भारत चीन से भी बड़ी संख्या में भारतीयों को वापस देश लाया था। इसके बाद भारत में तब कोविड प्रतिबंध काफी पहले ही खत्म हो गए। लेकिन चीन में कोविड से जुड़े प्रतिबंध अभी भी लागू हैं। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ान पर भी प्रतिबंध लगे हुए थे। चीन पहुंच इन भारतीयों को वहां प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। इन लोगों को 10 दिन तक क्वारंटाइन रहना होगा। इनकी लगातार न्युक्लिक एसिड टेस्टिंग होगी। इसके बाद ही ये भारतीय यिवू जा पाएंगे। यहां बता दें कि यिवू छोटे प्रोडक्ट्स का ग्लोबल सेंटर है। बड़ी संख्या में भारतीय व्यापरी यहां से थोक में सामान खरीदते हैं। यह शहर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों, घरेलू उपकरणों और खिलौनों जैसे उत्पादों का केंद्र है।

भारत दूसरा ऐसा देश है, जहां यिवू के सबसे अधिक उत्पाद जाते हैं। पीक टाइम में 2,000 से अधिक भारतीय कारोबारी यिवू में रहते थे। वहीं खिलौने, कपड़ों और इलेक्ट्रॉनिक्स के छोटे और मध्यम आकार के निर्माताओं के लिए यिवू बाजार महत्वपूर्ण है।

## एक्टिवा को बेहतर लुक व फीसर्च के साथ बाजार में उतारेगा होंडा

**नई दिल्ली** । होंडा 2 व्हीलर्स ने अपनी नई स्ट्रीट बाइक होंडा सीबी300 एफ लॉन्च करने के साथ ही अपने नए स्कूटर का टीजर भी जारी किया है। इस टीजर के साथ कयासों का दौर भी शुरू हो गया है। खबर आ रही है कि होंडा जल्द ही भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाले स्कूटर एक्टिवा को बेहतर लुक और लेटेस्ट फीचर्स के साथ बाजार में उतारेगा। संभव है कि होंडा एक्टिवा को इस बार इलेक्ट्रिक अवतार में लॉन्च किया जाए। होंडा ने अपकमिंग स्कूटर के टीजर देखें तो पहली नजर में इसका फ्रंट शिलहौट बिल्कुल एक्टिवा की तरह है और हेडलैंप और रियर व्यू मिरर्स के साथ ही टर्न इंडिकेटर्स और हैंडलबार एक्टिवा की तरह दिखते हैं।

# टीवीएस अपना दूसरा इलेक्ट्रिक स्कूटर करेगा लॉन्च

### -बेहतर बैटरी रेंज वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर का हो रहा इंतजार

**नई दिल्ली** । टीवीएस कंपनी अपना दूसरा इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। यह स्कूटर साल 2018 ऑटो एक्सपो में शोकेस क्रेऑन पर बेस्ड हो सकता है। फिलहाल आपको अपकमिंग टीवीएस क्रेऑन के बारे में बताएं तो यह मैक्सी स्कूटर सेगमेंट में आ सकता है और इसमें शार्प लुक और डिजाइन देखने को मिलेंगे।

प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर सेगमेंट में आ रहे टीवीएस क्रेऑन में बड़ा टचस्क्रीन पैनल दिया जा सकता है। इसके साथ ही स्टेप-अप सीट डिजाइन, इंटिग्रेटेड ग्रैब रेल्स और रेक्टेंगुलर रियर व्यू मिरर देखने को मिलेंगे और मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो टीवीएस क्रेऑन इलेक्ट्रिक स्कूटर में टीवीएस स्मार्टोक्सोनेक्ट ऐप के जरिये अलेक्सा वॉयस कमांड, लाइव वीइकल ट्रैकिंग, जियो फेंसिंग, क्रैश अलर्ट, एंटी थेफ्ट अलर्ट, नैविगेशन असिस्ट और लास्ट पार्क्ड लोकेशन समेत कई खास खूबियों से लैस होगा।

बता दें कि टीवीएस क्रेऑन को कंपनी टीवीएस आईक्यूब की तुलना में ज्यादा बड़ी बैटरी पैक के साथ लॉन्च कर सकती है और जिससे इसकी रेंज भी बेहतर होगी। माना जा रहा है कि टीवीएस के इस स्कूटर को सिंगल चार्ज पर ईको मोड में 150 किलोमीटर तक चला सकेंगे। वहीं, इसकी टॉप स्पीड 100 केएमपीएच तक होने की उम्मीद है। मालूम हो कि हाल ही में बेंगलुरु में टीवीएस क्रेऑन इलेक्ट्रिक स्कूटर की टेस्टिंग की तस्वीर सामने आई थी और जिसके बाद से चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोग टीवीएस आईक्यूब के बाद बेहतर बैटरी रेंज वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर का इंतजार कर रहे हैं।

# फिल्म ओह माय गॉड 2 में दिखेंगी यामी गौतम



दिलकश अभिनेत्री यामी गौतम अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस अभिनेत्री ने फिल्म उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर से 4 जून को शादी रचाई है। अब यामी की झोली में एक और खुशी आई है। खबरों की मानें तो वह अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की बहुप्रतीक्षित फिल्म ओह माय गॉड 2 में नजर आने वाली हैं। ओह माय गॉड 2012 में आई एक जबरदस्त कॉमेडी फिल्म थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय और पंकज की फिल्म ओह माय गॉड 2 में यामी फीमेल लीड भूमिका में नजर आ सकती हैं। बताया जा रहा है कि यामी का किरदार फिल्म की कहानी के हिसाब से काफी महत्वपूर्ण है। एक सूत्र ने कहा, फिल्म का पिछला भाग भगवान के साथ एक आदमी की लडाई से संबंधित था। इस बार मेकर्स एक अनोखी कहानी के साथ आएंगे जिसमें पंकज, अक्षय और यामी अहम भूमिकाओं में दिखेंगी।

सूत्र ने बताया कि यामी अक्षय के साथ इस सीचल फिल्म में काम करने के लिए काफी उत्सुक हैं। यह पहली बार होगा जब यामी अक्षय के साथ किसी फिल्म में नजर आएंगी। सूत्र ने कहा, मेकर्स ओह माय गॉड को इसके ब्रैंड के पैमाने पर बनाते, तो अब तक इस फ्रेंचाइजी की पांच फिल्में बन गई होती। हमारी टीम इस बात को लेकर आश्वस्त थी कि यदि हम कहानी से संतुष्ट होंगे तभी इसके अगले भाग पर काम करेंगे।

फिल्मों के अलावा यामी फिलहाल अपनी वैवाहिक जिंदगी को लेकर लाइम लाइट में बनी हुई हैं। यामी और आदित्य की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। यामी और आदित्य की इस शादी में केवल परिवार के लोगों की मौजूदगी रही। यह शादी पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ हिमाचल प्रदेश में मंडी में हुई है। आदित्य की 2019 में आई सुपरहिट फिल्म उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक में विक्की कौशल के साथ यामी अहम भूमिका में नजर आई थीं।

ओह माय गॉड में अक्षय के साथ परेश रावल को दमदार भूमिका में देखा गया था। अब फिल्म के सीचल में अक्षय के साथ अभिनेता पंकज त्रिपाठी नजर आएंगे। खबरों की मानें तो फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी अमित राय के कंधे पर होगी। इस फिल्म की शूटिंग आगामी सितंबर से होने की उम्मीद है। फिल्म को अक्षय और अश्विन वर्दे प्रोड्यूस कर रहे हैं। अभी फिल्म के प्री प्रोडक्शन पर काम चल रहा है।

बीते जनवरी में खबर आई थी कि फिल्म का सीचल का काम प्रगति पर है। ओह माय गॉड को उमेश शुक्ला ने निर्देशित किया था और वह इस सीचल से नहीं जुड़ेंगे। ओह माय गॉड 2 में पंकज ने परेश को रिप्लेस किया है। पंकज के साथ यह अक्षय की दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले दोनों फिल्म बच्चन पांडे में साथ काम कर चुके हैं। ओह माय गॉड 2 शुरू करने से पहले अक्षय फिल्म रक्षाबंधन की शूटिंग पूरी करेंगे।

2012 में रिलीज हुई ओह माय गॉड एक गुजराती नाटक पर आधारित है, जिसका नाम है कांजी वर्सेस कांजी। फिल्म अंग्रेजी फिल्म द मैन हू स्यूड गॉड से भी प्रेरित थी। यह एक गुजराती व्यवसायी की कहानी है, जो नास्तिक होता है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब वह भगवान के अस्तित्व को साबित करने के लिए अदालत में जाता है। फिल्म ने इस बात पर प्रकाश डाला कि धर्म, जाति और अन्य भेदभाव इंसान ने ही बनाए हैं।

## फिल्म में रणवीर सिंह और कटरीना कैफ की बनेगी जोड़ी?



कोरोना महामारी के चलते महाराष्ट्र में लॉकडाउन जैसी पाबंदियां लगी थीं लेकिन सरकार ने जैसे ही अनलॉक की प्रक्रिया शुरू की तब से बॉलिवुड सिलेब्स दोबारा से अपनी फिल्मों की शूटिंग के लिए तैयार हो गए। इसी बीच कटरीना कैफ, रणवीर सिंह, डायरेक्टर रीमा कागती और अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता बच्चन नंदा को फिल्ममेकर जोया अख्तर के घर के बाहर स्पॉट किया गया। इसके बाद से अटकलें शुरू हो गईं कि किसी फिल्म की तैयारी हो रही है। सूत्रों ने बताया, रणवीर सिंह, रीमा कागती और श्वेता बच्चन नंदा पहले से ही जोया अख्तर के घर पर थे। कटरीना कैफ ने बाद में इन लोगों को जॉइन किया। इन सभी की करीब डेढ़ घंटे मीटिंग चली। जोया अख्तर से घर से निकलते वक्त पपाराजियों ने इन सभी को अपने कैमरे में कैद किया। इसके बाद से ही कयास लगाए जाने लगे कि एक नए प्रॉजेक्ट में ये सभी के काम करने वाले हैं। हालांकि, फैंस को आधिकारिक घोषणा का इंतजार करना पड़ेगा। कटरीना कैफ के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी पाइप लाइन में कई फिल्में हैं। कटरीना कैफ फिल्म 'टाइगर 3' में सलमान खान के साथ, फिल्म 'सूर्यवंशी' में अक्षय कुमार के साथ, फिल्म 'फोन भूत' में ईशान खट्ट और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ काम करती नजर आएंगी।

# अजय देवगन की फिल्म कैदी में काजल अग्रवाल की हुई एंट्री



सुपर स्टार अजय देवगन तानाजी के अपार सफलता के बाद दोबारा ऑन स्क्रीन देखने के लिए फैंस बेताब है। यह अपनी आने वाली कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में हैं इसके साथ ही उनकी फिल्म मैदान की रिलीज पर भी लोग आंख गड़ाए बैठे हैं। लेकिन अभी इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कोई खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन इस बात को कोई झुठला नहीं सकता कि अजय देवगन बॉलीवुड के बहुत ही मेहनती अभिनेता है इनकी भले ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर रिलीज ना हो लेकिन एक न एक फिल्म साइन करते रहते हैं और अपने फैंस को यह एक एक खुशखबरी देते रहते हैं आए दिन या सोशल मीडिया पर अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा का विषय बने रहते हैं खबरों की मानें तो सुपर स्टार अजय देवगन तमिल फिल्म कैथी में नजर आने वाले हैं। अजय देवगन का नाम इस फिल्म के लिए सबसे ज्यादा चर्चा में है। खबरों की मानें तो फिल्म में अजय देवगन कार्तिक का किरदार पर्दे पर निभाते हुए दिखाई देने वाले हैं। यह एक क्राइम एक्शन फिल्म है वैसे तो वर्जिनल फ़िल्म को हिंदी में भी रिलीज किया गया है। लेकिन फिर भी इस फिल्म को हिंदी में रेकरेट करने की तैयारी की जा रही है। खबरों की मानें तो इस फिल्म के लिए लीड एक्ट्रेस के नाम को लेकर भी खबर सामने आ रहे हैं। वर्जिनल फिल्म कार्तिकेय ऑपोजिट कोई भी लीड एक्ट्रेस नहीं थी लेकिन हिंदी दर्शकों के हिसाब से फिल्म को दोबारा बनाने के लिए निर्माताओं को मूल स्क्रिप्ट में कुछ बदलाव किए हैं। इसमें अजय देवगन के ऑपोजिट एक्ट्रेस की तलाश भी की जा रही थी ताजा रिपोर्ट की मानें तो निर्देशक साउथ फिल्म की खूबसूरत अप्सरा काजल अग्रवाल को साइन किए हैं लेकिन इसकी कोई भी अधिकारी जानकारी सामने नहीं आई है।

# टाइगर श्रॉफ के स्टंट को देखकर हैरान हुए फैंस, वीडियो वायरल

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टाइगर श्रॉफ अक्सर किसी न किसी कारण सुर्खियों में बने रहते है।टाइगर श्रॉफ अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी काफी ज्यादा एक्टिव रहते है। वो आए दिन अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करते रहते है। जिसको उनके चाहने वालें भी काफी ज्यादा पसंद करते है। अब इसी बीच अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। जो इन दिनों इंटरनेट की दुनिया में तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अभिनेता टाइगर श्रॉफ का अंदाज देखकर उनके चाहने वालों को झटका लगने वाला है।



अभिनेता टाइगर श्रॉफ अपने इस वीडियो में जबरदस्त स्टंट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने अपने इस वीडियो को इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। जिसमें अभिनेता टाइगर श्रॉफ एक साथ चार टारगेट पर किक मारते हुए नजर आ रहे है। अभिनेता टाइगर श्रॉफ के इस वीडियो को उनके चाहने वाले काफी ज्यादा पसंद कर रहे है। वहीं कई सोशल मीडिया यूजर्स टाइगर श्रॉफ के इस स्टंट को देखकर हैरान हो गए है। कई यूजर्स के तो मुंह तक खुले रह गए। टाइगर श्रॉफ के इस वीडियो को सोशल मीडिया यूजर्स काफी ज्यादा पसंद करें। वही इस पर कई प्रतिक्रिया भी सामने आई है जिसमे यूजर्स के ज्यादातर शॉकिंग रिएक्शन्स ही देखने को मिले है। अगर हम बात करें अभिनेता टाइगर श्रॉफ के काम की तो वो आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाले है।

## अब द्रौपदी के किरदार में नजर आएंगी रिया चक्रवर्ती?



हाल ही में खबर आई थी कि रिया चक्रवर्ती ने 'द टाइम्स 50 मोस्ट डिजायरेबल विमिन 2020' की लिस्ट में टॉप किया है। यह रैंकिंग ऑनलाइन पोल में पड़े वोट और इंटरनल जूरी के आधार पर थी। अब खबरें आ रही हैं कि रिया को पौराणिक कहानी महाभारत से प्रेरित एक बड़ा प्रॉजेक्ट ऑफर किया जा सकता है। एक सूत्र ने बताया, 'इस प्रॉजेक्ट में महाभारत और द्रौपदी के किरदार को यूनीक और अलग तरह से पेश किया जाएगा।' सूत्र के मुताबिक, 'इसकी दुनिया मॉडर्न और अभी के समय के हिसाब से होगी। यह कुछ ऐसा होगा जो पहले नहीं हुआ। द्रौपदी का रोल रिया चक्रवर्ती को ऑफर किया गया है और अभी वह इस पर विचार रही हैं। अभी सिर्फ शुरुआती बातचीत हुई है।'

**सुशांत की मौत के बाद लोगों के निशाने पर थीं रिया-** पिछले साल सुशांत सिंह राजपूत की अचानक मौत के बाद रिया को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। अब ऐसा लग रहा है कि वह धीरे-धीरे आगे बढ़ रही हैं और नॉर्मल लाइफ की ओर लौटने की कोशिश कर रही हैं जैसा कि पहले था। रिपोर्ट्स की मानें तो रिया लोगों से काम मांग रही हैं ताकि वह लाइफ में मूव ऑन कर सकें। पिछले कुछ महीनों से वह सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव हैं और अलग-अलग पोस्ट्स शेयर कर रही हैं।

# बंद तिजोरी में काम कर एक कलाकार के तौर पर मेरा विकास हुआ है : वेरोनिका वनिज



*अभिनेत्री वेरोनिका वनिज ने शॉर्ट फिल्म बंद तिजोरी में अपने काम करने के अनुभव को साझा करते हुए कहा है कि इस फिल्म में काम कर एक कलाकार के तौर पर उन्हें अपनी काबिलियत को निखारने का मौका मिला है। वेरोनिका ने कहा, यह एक चुनौतीपूर्ण किरदार था और इस तरह के किरदार को मैंने पहले कभी नहीं निभाया है। इसने एक कलाकार के तौर पर मेरा विकास किया है। फिल्म के क्रू में शामिल लोग भी गजब के थे। पूरा अनुभव असाधारण रहा। वेरोनिका को उम्मीद है कि महामारी के समय में यह फिल्म दर्शकों को कुछ राहत देगी। वह आगे कहती हैं, यह हम सभी के लिए एक मुश्किल घड़ी है। हम सभी ने महामारी में किसी न किसी को खोया है और यह काफी कठिन रहा है। सभी सुरक्षा और नियमों का पालन करें, तभी चीजें पटरी पर आएंगी। बंद तिजोरी को प्रदीप सिंगरौली ने लिखा और निर्देशित किया है। इसे डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित किया जाएगा।*

# महिलाओं को बहुत परेशान करता हैं पीरियड्स का दर्द, दवाइयों की जगह आजमाए ये घरेलू नुस्खें



पीरियड्स महिलाओं के जीवनचक्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं जिसे सेहत के लिहाज से जरूरी माना जाता हैं। पीरियड्स के दौरान महिलाओं को दर्द का सामना भी करना पड़ता हैं। लेकिन कई बार यह दर्द असहनीय हो जाता हैं जिसका कारण खून की कमी, हार्मोन में बैलेंस न होना, कमजोरी आदि हो सकते हैं। इससे राहत पाने के लिए महिलाएं पेन किलर या अन्य दवाइयों का सेवन करती हैं जो कि सेहत के लिए लाभकारी नहीं होती है। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ आहार की चीजों के उपाय लेकर आए हैं जिनकी मदद से आपको पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द में राहत मिलेगी और शरीर को नुकसान भी नहीं होगा।

### हींग

हींग का सेवन करना भी काफी कारिगर साबित होता है। असल में, इस दौरान बहुत ही महिलाओं को पेट में गैस, एसिडिटी आदि की परेशानी होती है। इसके कारण बहुत बार महिलाएं पेट में दर्द होने का कारण एसिडिटी नहीं बल्कि पीरियड पेन समझती है। ऐसे में इससे राहत पाने के लिए चुटकीभर हींग का पानी के साथ सेवन करने से आराम मिलता है।

### नारियल

अक्सर आपने अपने बड़ों से सुना होगा कि पीडियड्स के दिनों में ज्यादा से ज्यादा गर्म चीजों का सेवन करने सेहत दरुस्त रहती है। ऐसे में नारियल का सेवन करना बेस्ट ऑप्शन है। अगर आपको पीरियड्स के दौरान असहनीय दर्द होता है तो इसके राहत पाने के लिए सूखा नारियल खाने से जल्द ही राहत मिलती है।

### अजवाइन का काढ़ा

अजवाइन का काढ़ा बना कर पीने से भी दर्द से छुटकारा मिलता है। इसे बनाने के लिए एक पैन में डेढ़ गिलास पानी उबालें। एक उबाल आने के बाद पानी में 2-3 चम्मच अजवायन और स्वादानुसार गुड़ डालकर 7-8 उबाल आने दें। काढ़े के तैयार होने के बाद इसे छन्नी की मदद से छान कर गर्मा- गर्म पिएं। आप इसे दिन में 1-2 बार पी सकते हैं। इससे पीडियड पेन से राहत मिलने के साथ ब्लड फ्लो में बैलेंस रखने के साथ खून साफ होने में मदद मिलेगी।

### गुड़

शरीर में खून की कमी होने के कारण भी दर्द ज्यादा होती है। ऐसे में गुड़ का सेवन करने से फायदा मिलता है। आयरन का मुख्य स्त्रोत होने के चलते इसके सेवन से दर्द से आराम मिलने के साथ शरीर में खून की मात्रा बढ़ने में मदद मिलती है।

## गलत तरीके से शहद का सेवन पड़ सकता हैं महंगा, जानें कैसे

शहद एक प्रकार स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ है। साथ ही इसे औषधि के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। शहद से कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। ये शरीर को कई तरह की बीमारियों से बचाता हैं। लेकिन अगर शहद का प्रयोग सही तरीके से न किया जाए तो यह सेहत के लिए काफी हानिकारक है। आज हम आपको बताएंगे शहद का सेवन किस तरह से नहीं करना चाहिए।




**मूली के साथ न करें सेवनः** मूली के साथ शहद का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद ही नुकसानदयक हो सकता है। मूली और शहद को एक साथ खाने से आपकी बॉडी में टॉक्सिन्स बनने लगते है। जिससे आपकी कई तरह की हैल्थ प्रॉब्लम का सामना करना पड़ सकता है।

**चाय या कॉफी के साथः** चाय या कॉफी के साथ शहद का सेवन न करें। इससे शरीर का तापमान बढ़ता है जिससे घबराहट और स्ट्रेस बढ़ता है।

**गर्म पानी में शहदः** अक्सर यह सलाह दी जाता है कि गर्म पानी के साथ शहद का सेवन करना चाहिए, लेकिन अगर आप शहद के साथ ज्यादा गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं तो यह नुकसानदेह हो सकता है। काफी लोग मोटापे से छुटकारा पाने के लिए गर्म पानी में शहद डालकर पीते हैं जो कि गलत है। ज्यादा गर्म पानी में शहद मिलाकर पीने से शरीर में गर्मी पैदा होने लगती है, जिससे पेट संबंधित प्रॉब्लम का सामना करना पड़ सकता है।

## जनता के अधिकारों को बेच रहे हैं सांसद, विधायक और पार्षद

लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिक अपने अधिकार मत के माध्यम से राजनीतिक दल और उसके उम्मीदवार को देकर अपना प्रतिनिधि चुनता है। यही प्रतिनिधि जब दल-बदल करता है, तो वह अपने मतदाताओं के साथ धोखा करता है। लोकतंत्र में नंबर के खेल में पार्षद, विधायक, सांसद जनता के मिले अधिकारों को लाखों करोड़ों रुपए में बेचकर निजी फायदा उठाते हैं। वहीं अपने मतदाताओं, जिनके अधिकार से वह अधिकार पाते हैं, के साथ धोखा कर उन्हें नुकसान पहुंचाते हैं। मतदाता पार्टी की विचाराधारा, नेतृत्व एवं उम्मीदवार को देखकर अपना मत देकर उसे अपना प्रतिनिधि चुनता है। क्रॉस वोटिंग और हार्श ट्रेडिंग ने लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं मतदाताओं के विश्वास को भारी नुकसान पहुंचाया है। अब कोई भी धन-पशु, धन खर्च करके नगर पालिका, नगर निगम, राज्य सरकार के लिए करोड़ों रुपए का निवेश कर अरबों रुपए कमा सकता है। पिछले कुछ वर्षों में दल-बदल की बीमारी बड़ी तेजी के साथ बढ़ती ही जा रही है। बिना चुनाव लड़े, कोई भी राजनीतिक दल किसी भी राज्य में अपनी सरकार बनाने में सफल हो रहे हैं। अल्पमत में होते हुए पार्षदों, विधायकों एवं सांसदों को खरीद कर सत्ता पर काबिज होने के दर्जनों मामले हैं। उसके बाद भारी भ्रष्टाचार कर सैकड़ों और हजारों गुना कमाने का खेल बड़े पैमाने पर देश में चल रहा है। इसमें कारपोरेट जगत की भागीदारी ने चिंता को और बढ़ा दिया है। लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत नागरिक का वोट है। आम मतदाता, जिसके वोट से जनप्रतिनिधि चुने जाते हैं। वही जनप्रतिनिधि अपने मतदाता की पीठ में छुरा भोंककर मतदाता को उसके अधिकार से वंचित कर आर्थिक और मानसिक नुकसान पहुंचाता है। ऐसे जनप्रतिनिधियों को सबक सिखाने की जरूरत है। दल बदल कानून का अब कोई मतलब नहीं रह गया है। ÷समरथ को नहिं दोष गुसाईं÷ की तर्ज पर दल-बदल कानून के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिन पर डाली गई है। वह अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूर्णत- असफल साबित हुए हैं। हाल ही में न्यायपालिका का जो रुख देखने को मिल रहा है। वह अप्रत्यक्ष रूप से दल बदलुओं को फायदा पहुंचा रहा है। जिसके कारण अब स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। विशेष रुप से पंचायत, नगरीय संस्थाओं और विधानसभाओं में जिस तरीके से नेता बिक रहे हैं, उसके बाद लोकतांत्रिक व्यवस्था और लोकतंत्र पर मतदाताओं का विश्वास खत्म होने लगा है। नगरीय संस्थाओं, राज्य सरकारों तथा केन्द्र सरकार ने पिछले वर्षों में जनता के ऊपर लगातार टैक्स बढ़ाये हैं। बहुमत के बिना, बिना बहस के कानून बन रहे हैं। जनता को जो सुविधायें नि-शुल्क मिलती थी उस पर भारी-भरकम शुल्क वसूला जा रहा है। नित नये कानून बनाकर आम जनता के मौलिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है। चुने हुए प्रतिनिधियों को अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया जाता है। निर्वाचित प्रतिनिधियों को बोलने के लिए 2 से 5 मिनिट का समय दिया जाता है। विधानसभा और लोकसभा के जो सत्र पहले महीनों चलते थे, वह कुछ ही दिनों में हो-हल्ले के बीच समाप्त हो जाते हैं। विधानसभा, लोकसभा और राज्य सभा में हो- हल्ले के बीच बड़े-बड़े कानून बन जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में मनी बिल के रुप में ईडी को जो अधिकार दिये गए हैं। उसने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को समाप्त कर दिया है। न्यायपालिका सरकार के दबाव में काम करती हुई दिखने लगी है। हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की नियुक्ति भी सरकारी पसंद से हो रही है।

# महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है चानू की सफलता

योगेश कुमार गोयल



राष्ट्रमंडल खेलों का समापन हो गया है और इस बार के राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय भारोत्तोलकों ने जिस प्रकार भारतीय झंडे को ऊंचा रखा, वह देश के लिए गर्व की बात है। वेटलिफ्टिंग में 55 किलोग्राम भारवर्ग में संकेत ने रजत पदक जीता, जो इस बार के राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का पहला पदक था। 61 किलोग्राम भारवर्ग में 269 किलोग्राम भार उठाकर गुरुराजा ने कांस्य पदक जीता। उसके बाद महिलाओं के 49 किलोग्राम भार वर्ग में मीराबाई चानू ने स्वर्ण पदक जीतकर तो इतिहास रच दिया क्योंकि राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का यह पहला स्वर्ण पदक था। बर्मिंघम में सोना जीतने वाली मीराबाई चानू भारत की पहली महिला और जेरेमी लालरिनुंगा देश के पहले पुरुष एथलीट बने। जहां तक मीराबाई की बात है तो उन्होंने 2018 में गोल्डकोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में भी सोना जीता था और पिछले साल टोक्यो ओलम्पिक में रजत पदक जीत चुकी हैं।

मीराबाई कॉमनवेल्थ गेम्स में शुरू से ही विश्वास से भरी नजर आ रही थी और उन्होंने स्नैच राउंड के बाद ही 12 किलो की भारी-भरकम बढ़त बना ली थी। वह शुरू से ही स्वर्ण पदक की पोजीशन पर बरकरार थी और 49 किलोग्राम भार वर्ग में 201 किलो वजन उठाकर कॉमनवेल्थ गेम्स में सोना जीतकर उन्होंने इस श्रेणी में नया रिकॉर्ड भी बनाया। दरअसल चानू ने स्नैच में 88 किलो जबकि क्लीन और जर्क में 113 किलो वजन उठाया। स्नैच का इस श्रेणी में यह राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड है। अपने पहले प्रयास में मीराबाई चानू ने स्नैच में 84 किलो वजन उठाया और दूसरे प्रयास में वह 88 किलो वजन उठाकर स्वयं के ही सर्वश्रेष्ठ की बराबरी करने में सफल रही। हालांकि उन्होंने तीसरे प्रयास में 90 किलो वजन उठाने का भी प्रयास किया लेकिन उसमें सफल नहीं हुई। राष्ट्रमंडल खेलों में पूरे देश को उनसे ऐसे ही स्वर्णिम प्रदर्शन की उम्मीद थी। सोना जीतने पर प्रधानमंत्री मोदी ने भी उन्हें असाधारण बताते हुए कहा है कि प्रत्येक भारतीय बर्मिंघम खेलों में उनके नया रिकॉर्ड बनाने तथा स्वर्ण पदक जीतने से हर्षित है और उनकी यह सफलता अनेक भारतीयों के लिए प्रेरणा है, खासकर उभरते खिलाड़ियों के लिए।

मणिपुर की 27 वर्षीया स्टार वेट लिफ्टर मीराबाई चानू की यह जीत भारत के लिए इसलिए भी बड़ी उपलब्धि है क्योंकि उन्होंने इन खेलों में लगातार दूसरी बार स्वर्ण जीतकर हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा किया है। इससे पहले पिछले साल ओलम्पिक खेलों में भी रजत पदक जीतकर उन्होंने भारत को गौरवान्वित किया था। चानू पीवी सिंधू के बाद दूसरी ऐसी भारतीय महिला खिलाड़ी हैं, जिसने ओलम्पिक के अब तक के इतिहास में रजत पदक जीता। टोक्यो ओलम्पिक के पहले ही दिन चानू की जीत भारत के लिए इसलिए भी गौरवान्वित करने वाली थी क्योंकि इससे पहले भारत ओलम्पिक खेलों में पहले दिन कभी कोई पदक जीतने में सफल नहीं हुआ था। चानू की ऐतिहासिक जीत के बाद भारत पदक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया था और ऐसी उपलब्धि देश को उससे पहले कभी हासिल नहीं हुई थी।

हालांकि 2016 के रियो ओलम्पिक में हार के बाद चानू को गहरा सदमा लगा था और उस हार के बाद वह इस कदर टूट गई थी कि उन्हें लगने लगा था कि ओलम्पिक में उनका सफर वहीं खत्म हो गया है। उस हार के बाद चानू मंच से रोती हुई गई थी लेकिन टोक्यो ओलम्पिक के लिए उनके बुलंद हौंसलों का परिचय तभी मिल गया था, जब उन्होंने ओलम्पिक की तैयारी के दौरान सोशल मीडिया पर अपनी एक पोस्ट में लिखा था, 'मेहनत लगती है, चोट भी लगती है, असफलता का अनुभव होता है....लेकिन सफलता की राह कभी भी किसी के लिए आसान नहीं होती!' रियो ओलम्पिक की हार की हताशा से उबरने के बाद चानू बुलंद हौंसलों के साथ ऐसी 'आयरन लेडी' बनकर उभरी कि ओलम्पिक में भारोत्तोलन में उन्होंने न केवल भारत का 21 वर्ष का सूखा खत्म किया बल्कि भारोत्तोलन में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी भी बनी। उसी की बदौलत ओलम्पिक खेलों के पहले ही दिन टोक्यो में पोडियम में भारतीय तिरंगा शान से लहराया।

मणिपुर के नोंगपेक काकचिंग गांव में 8 अगस्त 1994 को जन्मी मीराबाई चानू हालांकि बचपन में तीरंदाज बनना चाहती थी लेकिन शायद उनकी किस्मत को कुछ और ही मंजूर था, जो उसे वेटलिफ्टिंग की ओर ले गई। दरअसल आठवीं कक्षा की पाठ्य पुस्तक में उन्होंने जब इम्फाल की ही रहने वाली भारत की विख्यात भारोत्तोलक कुंजुरानी देवी के बारे में पढ़ा तो उन्होंने भी उसी की भांति भारोत्तोलक बनने और देश के लिए कुछ विशेष करने का निश्चय किया। कोई भी भारतीय महिला भारोत्तोलक अब तक कुंजुरानी से ज्यादा पदक नहीं जीत सकी है। जब चानू ने भारोत्तोलक बनने का निश्चय किया, उस समय तक उन्हें ओलम्पिक खेलों के बारे में कुछ नहीं पता था, तब उनका एक ही सपना था कि वह इस खेल में कोई बड़ा सा पदक जीतें। 2007 में जब मीराबाई ने प्रैक्टिस शुरू की तो उनके पास लोहे का बार नहीं था, इसलिए वह तब बांस से ही प्रैक्टिस किया करती थी। चूंकि गांव में कोई ट्रेनिंग सेंटर नहीं था, इसलिए वह 12 साल की उम्र में प्रैक्टिस के लिए ट्रक पर सवार होकर 50-60 किलोमीटर दूर ट्रेनिंग के लिए जाया करती थी। हालांकि चानू का बचपन पहाड़ से जलावन की लकड़ियां बीनते हुए संघर्षों के दौर से गुजरा लेकिन इन संघर्षों का मजबूती से सामना करते हुए ओलम्पिक विजेता बनकर 4 फुट 11 इंच की छोटे से कद की चानू ने साबित कर दिखाया कि हौंसले बुलंद हों तो मंजिल तक पहुंचना नामुमकिन नहीं होता।

मीराबाई 17 साल की उम्र में जूनियर चैम्पियन बन गई थी और जिस कुंजुरानी की बदौलत उन्होंने स्वयं भी भारोत्तेलक बनने का निश्चय किया था, उसी कुंजुरानी के 12 वर्ष पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को उन्होंने 2016 में 192 किलोग्राम वजन उठाकर तोड़ दिया था। 2014 में ग्लास्गो कॉमनवेल्थ खेलों में 48 किलो भारवर्ग में चानू ने भारत के लिए रजत पदक जीता था। रियो ओलम्पिक में पराजय के बाद मीराबाई ने 2017 में अनाहेम में हुई विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में कुल 194 किलो (स्नैच में 85 और क्लीन एंड जर्क में 107) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता था। इसके लिए उन्हें वर्ष 2018 में राजीव गांधी खेल रत्न और उसके बाद पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया। 2018 में कॉमनवेल्थ खेलों में भी वह स्वर्ण जीतने में सफल हुई और उसी साल सीनियर महिला राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में भी दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता। 2020 में ताशकंद एशियाई चैम्पियनशिप में मीराबाई को कांस्य पदक हासिल हुआ था। सही मायनों में देश की आधी आबादी के लिए तो मीराबाई चानू की सफलता बेहद प्रेरणादायी है।

## जो नहीं है उसे पाना हो ध्येय

असंतुष्ट होने का अर्थ दुखी होना नहीं है। असल में कोई आदमी पूरी तरह सुखी होकर भी असंतुष्ट हो सकता है। सुखी होने का मतलब है, जो है, उसे आनंद से भोगना। और असंतुष्ट होने का अर्थ है- जो नहीं है उसे आनंद से पैदा करने का श्रम करना। जब अधिकतम लोग समाज में इस भांति श्रम करते हैं तो समाज संपन्न और समृद्ध होता है। और जब अधिक लोग ऐसा सोचते हैं कि जो है बस ठीक है, वही रुक जाना है, तो फिर पूरा समाज धीरे-धीरे दरिद्र हो जाता है। जिंदगी का सारा विकास, जो नहीं है, उसे पाने से ही होता है। इसलिए मैं तो कहूंगा कि ऐसा किसी जगह मानने की जरूरत नहीं है कि अब सब पूरा हो गया, अब भला मुझे क्या करना है! यह मरने के ढंग हैं। यह अपने भीतर जिंदा रहते हुए मर जाना है। जब तक श्वास है, तब तक एक भी श्वास व्यर्थ नहीं जानी चाहिए। फिर भी अगर किसी व्यक्ति को ऐसा लगता हो कि मेरी तो सच में ही सारी आवश्यकताएं पूरी हो गईं, तो फिर ऐसे व्यक्ति को दूसरों की आवश्यकताएं पूरा करने में लग जाना चाहिए। अगर किसी व्यक्ति को पक्का ऐसा लगता है कि मेरी तो सभी आवश्यकताएं पूरी हो गईं, मैं क्यों श्रम करूं? तो उसे चारों तरफ देखना चाहिए कि अब मेरा काम तो जमीन पर खत्म हो गया, लेकिन दूसरों की आवश्यकताएं पूरी नहीं हुई हैं, उनके लिए मैं श्रम करने में लग जाऊं। लेकिन श्रम से नहीं बचा जा सकता। आपकी अपनी आवश्यकताएं पूरी हो गई हैं, तो अपने चारों तरफ देखिए। बहुत लोगों की पूरी नहीं हुई हैं, अत- उनके लिए श्रम करने में लग जाइए। लेकिन खाली बैठने का हक किसी को नहीं है। संन्यासी को भी खाली बैठने का हक नहीं है। देश को संपन्न करना है तो सभी को श्रम में लगना ही चाहिए। और श्रम में हम तभी लगेंगे जब कोई आवश्यकता पूरी करनी हो।

## अमृत महोत्सव : देश के लिये मर मिटने का संकल्प

निलय श्रीवास्तव



देश के लिए वह ऐतिहासिक क्षण होगा जब 75 वाँ अमृत महोत्सव मनाया जा रहा होगा। अमृत महोत्सव देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उत्साह में भर देने वाला पर्व तो है ही साथ ही स्वतंत्रता संग्राम में अपनी जान न्यौछावर करने वाले शूरवीरों को सच्ची श्रद्धांजलि देने का माध्यम भी है। अमृत महोत्सव अर्थात् दिवंगत स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग का अमृत, नये विचारों का अमृत, नये संकल्पों के साथ नयी ऊर्जा और आत्मनिर्भरता का अमृत। इस कार्यक्रम को जन उत्सव में परिवर्तित करने वाले देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों में ष्स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास की तरह ही आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का यह सफर आम भारतीय के अथक परिश्रम, नव ऊर्जा और उत्साह का प्रतिबिम्ब है। हमें देश के संविधान पर गर्व है, मजबूत लोकतंत्र के लिए विश्व में अपनी अलग पहचान स्थापित करने वाला भारत देश ज्ञान और विज्ञान से समृद्ध होकर मंगल से लेकर चंद्रमा तक अपनी विशिष्ट छाप छोड़ रहा है।ष् आजादी के अमृत महोत्सव के इस वृहद कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार भी पूरे उत्साह, जोश ए खरोश के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करवा रही है। सभी जानते हैं कि मध्यप्रदेश का स्वतंत्रता संग्राम सम्बंधी इतिहास उल्लेखनीय और प्रासंगिक रहा है। यहाँ अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ लड़ाई लडकर शूरवीरों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर स्वतंत्रता की लड़ाई में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज कराया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से ऐसे प्रबृद्धजनों के बारे में समय-समय पर कार्यक्रम चलाये जाते हैं ताकि लोगों के स्मृति पटल पर वे हमेशा बने रहें तथा आमजन को देश पर मर मिटने का संकल्प मिलता रहे। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश सरकार का उद्देश्य श्हर घर तिरंगाश् अभियान का आगाज कर प्रदेश के लोगों को देश के प्रति समर्पित रहने का संदेश देकर देश और प्रदेश की तरक्की, सुरक्षा और सम्पन्नता में सहभागी बनाने का प्रयास है। श्हर घर तिरंगाश् अभियान को लेकर मध्यप्रदेश के लोगों में अपार उत्साह बना हुआ है। युवा पीढ़ी के साथ बच्चे भी इसे लेकर उत्साहित हैं। तिरंगा यात्रा को लेकर पूरे मध्यप्रदेश में उत्साहजनक माहौल निर्मित है। मध्यप्रदेश में निश्चित रूप से ऐसे आयोजन होते रहने चाहिये। यहाँ बता दें कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान देश और अपने प्रदेश से अपार प्रेम करते हैं, यह प्रेम कभी -कभी उनकी बातों में स्पष्टतरू झलकता भी है। स्वाधीनता सेनानियों का सम्मान कर उनकी स्मृतियों को जन सामान्य तक पहुँचाने का अभिनव प्रयोग मध्यप्रदेश में हो रहा है। विभिन्न जाति और धर्म के लोगों को एक सूत्र में बाँधकर रखने वाले मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विभिन्न स्तर के आयोजन कर सरकार और जनता के बीच की दूरी को मिटा रहे हैं, इसके लिए वे प्रशंसा के पात्र हैं। आजादी मिले 75 साल का लम्बा समय बीत चुका है। आजादी की सुखद अनुभूति है लेकिन जब देश के विभाजन की बात सामने आती है तो एक शूल हृदय में चुभता है। महज राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए देश का बंटवारा हुआ और पाकिस्तान का जन्म हुआ। मानव हिंसा और पलायन की जो दर्दनाक तस्वीरें दुनिया ने देखीं उससे सभी हतप्रभ रह गए। नरसंहार ऐसा था जिससे रोंगटे खड़े हो गए। संदर्भ ग्रंथो के अनुसार भारत के विभाजन से प्रभावित तीन प्रमुख राज्य पंजाब, बंगाल और सिन्ध में हिन्दू , सिख और मुस्लिम गांव थे। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य गांवों में इन तीनों समुदायों के लोग थोड़ी- थोड़ी संख्या में थे। विभाजन के फैसले के बाद साठ लाख गैर मुसलमानों को नये बने पश्चिमी पाकिस्तान क्षेत्र से बाहर निकलना पड़ा और 65 लाख मुसलमानों को भारतीय हिस्से के पंजाब, दिल्ली आदि जगहों से निकल पश्चिम पाकिस्तान जाना पड़ गया था। मानवता के इतिहास में पहले कभी किसी भी विषम परिस्थिति में इतने कम समय में इतनी बड़ी आबादी का स्थानांतरण नहीं हुआ था। विभाजन के फैसले से प्रभावित हिंसा में मारे गए लोगों की संख्या तीस हजार से लेकर 7 लाख के दरम्यान होने का अनुमान लगाया गया था। भारत विभाजन के बाद अब देश पुनरावृत्ति नहीं चाहता। धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में आरम्भ से ही उथल पुथल रही है। स्वतंत्रता के पश्चात् 26 अक्टूबर 1947 को जम्मू कश्मीर के तत्कालीन शासक महाराजा हरिसिंह ने अपनी रियासत का विलय भारत में कर दिया था।

# चर्चा के केन्द्र बिन्दु में समाया प्रवर्तन निदेशालय!

### सूडोकु नवताल- 6161

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6160 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

भरत मिश्र प्राची



आजादी मिलने के बाद 1मई 1956 को देश में आर्थिक अपराध पर रोक लगाने के उदेश्य को लेकर प्रवर्तन निदेशालय की स्थापना हुई जिसका समय समय पर दशा व दिशा बदलती गई। प्रारम्भ में विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम1947 , फेरा 1947 के अंतर्गत विनिमय नियंत्रण विधियों के उलंघन को रोकने के लिये आर्थिक कार्य विभाग के नियंत्रण में प्रवर्तन इकाई गठित की गई। जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक से प्रतिनियुक्ति के आधार पर एक अधिकारी एवं विशेष पुलिस स्थापना से तीन निरीक्षकों की टीम कार्य करती रही। सन् 1960 में इसे आर्थिक कार्यमंत्रालय से हटाकर राजस्व विभाग में हस्तान्तरित कर दिया गया। वर्तमान में यह निदेशालय वित मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन विशेष वित्तीय जांच एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है। जिसे छापामारी कर कालाधन के करोबार में छिपे को पकड़कर केस चलाने,, कालेघन से एकत्रित धन राशि को जब्त करने एवं आर्थिक दंड लगाने का अधिकार मिला हुआ है। जिसका प्रमुख प्रवर्तन निदेशक होता है । जिसे ईडी कहा जा रहा है। आजकल यह निदेशालय आम चर्चा के केन्द्रबिन्दु में समाता चला जा रहा है जब से मनीलिडिग मामले में नेशनल हेराल्ड को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को जांच के घेरे में लेकर पूछताछ की प्रक्रिया ईडी कार्यालय में बुलाकर शुरू की गई। मनीलिडिंग मामलें में ही प्रवर्तन निदेशालय द्वारा शिव सेना नेता संजय राउत को घेरे में लेकर जांच प्रक्रिया शुरू की गई। इसी विभाग द्वारा अभी हाल हीं में शिक्षक भर्ती घोटाले में शामिल तृणमूल कांग्रेस नेता पं. बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी एवं उनके सहयोगी टीम को जांच घेरे में लेकर करोड़ो की अवैध रकम को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। झारखंड के तीन कांग्रेसी नेताओं को गिरफ्तार किया गया।

आिर्थक अपराध से जुड़े अपराधियों के धड़ पकड़ एवं जांच के घेरे में लेकर कानूनी कार्यवाही करने की प्रवर्तन निदेशालय की प्रक्रिया सराहनीय कदम है पर सरकार के वित मंत्रालय के अधीन इस विभाग के होने से इस निदेशालय की निष्पक्षता पर उंगली उठना स्वाभाविक है। आर्थिक अपराध से जुड़े अपराधी हर राजनीतिक दल में समाये हुये है जिनकी जांच होनी चाहिए पर यह कार्य तभी संभव हो पायेगा जब प्रवर्तन निदेशालय सरकार के अधीन न होकर स्वतंत्र रूप में अपना कार्य कर सके। जब तक यह विभाग सरकार के अधीन रहकर कार्य करेगा, इसकी निष्पक्षता संदेह के दायरे में फंसी रहेगी। आर्थिक अपराध सं जुड़ा अपराधी अपराधी होता है चाहे किसी भी दल का हो, उसकी जांच होनी ही चाहिए। अभी तक की चल रही प्रवर्तन निदेशालय के जांच घेरे की कार्यवाही में विपक्ष के ही लोग नजर आ रहे है जो सत्ता पक्ष पर सवाल बनते जा रहे है। ऐसा नहीं कि सत्ता पक्ष में आर्थिक अपराधी न हो। इस तरह का परिवेश प्रवर्तन निदेशालय की कार्यवाही पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। इसी कारण यह निदेशालय उचित कार्य करने के वावयूद चर्चा के केन्द्र बिन्दु में समाता जा रहा है। देश एवं जनहित में इस तरह के परिवेश से प्रवर्तन निदेशालय को बाहर करना नितान्त जरूरी है। आर्थिक अपराध से जुड़े अपराधियों की धड़ पकड़ करने हेतु बने निदेशालय सरकार के अधीन न होकर राष्ट्रपति या न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तहत कार्य करे तो इस विभाग की कार्यशैली पर सवालिया चिन्ह लगने की प्रासंगिकता समाप्त हो जायेगी।

## जनाब ! डाटा नहीं आटा का हिसाब रखिए

प्रभुनाथ शुक्ल

मैडम किचन में कड़क चाय की चुस्कीयां हलक से नीचे उतारते हुए आवाज दी, अजी सुनते हो। जी, मोहतरमा फरमाइए। अरे! फरमाना क्या है महाराज, कभी-कभी आटे-दाल की फ़िक्र भी कर लिया करें। आपको जितनी डाटा की चिंता रहती है उतने आटे की नहीं। अरे!भाग्यवान, अभी हप्ते भर भी नहीं हुए आपका किचन रिचार्ज कराया था मेरा मतलब राशन भराया था। फिर ? फिर क्या, आप किस ख्याल में डूबे हैं। आपने ने ही तो कहा था जीएसटी की वजह से जेब भारी हो गयी। चलिए इस बार 15 के बजाय दस दिन का राशन भरा देते हैं। अगली तनख्वाह पर पूरा भरवा लेना। अजीब भूलककड़ हैं डाटाजीवी महराज। आपको जितनी डाटा बचत कि फ़िक्र रहती है उतनी आटे-दाल की नहीं। किचन के लिए दस दिन का राशन भरावा कर 15 दिन का ख्वाब देख रहे हैं। जबकि इससे बेहतर तो आप अपने मोबाइल डाटे का हिसाब रखते हैं। उतना ख्याल तो मेरा भी नहीं रखते हैं। वाई-फाई कनेक्ट माँगने पर मुंह फेर लेते हैं। जैसे मैं डाटा नहीं आपकी माशूका मांग रहीं हूँ। काश ! इतना ख्याल मेरा भी रखते। अच्छा मजाक कर लेती हो बेगम। खामखां मेरा माखल उड़ाती फिरती हैं। अब क्या बताएं मोहतरमा यह डाटा न होकर जैसे कोई माशूका है। मोबाइल कंपनियां भी कम थोड़ी हैं। डाटा खपत का संदेश रात-दिन भेजती हैं। जैसे यह कोई मोबाइल डाटा न होकर निगरानी में रखी गयी कोई माशूका हो। आप ठीक फरमाती हैं मोबाइल कंपनियां ग्राहक को डाटा सतर्कता को लेकर जितना संदेश भेजती हैं उतना मैसेज तो को कोई नयी नबेली माशूका भी अपने आशिक को नहीं भेजती होगी। बेचारी मोबाइल कंपनियां डाटाजीवियों और उनकी जेब का कितना ख्याल रखती हैं। इस घोर कलयुग में इतना भला कौन परोपकारी होगा, जब दुनिया को अपने की पड़ी हो। हमें इनका ऐहशानफरामोश होना चाहिए। जी! आप ठीक कहते हैं जनाब! इतनी फ़िक्र तो आपने उस वक्त भी मेरी नहीं कि थीं जब नयी-नयी शादी के बाद मुझे हनीमून पर ले गए थे। मोहतरमा की बात सुनकर डाटाजीवी ने अपनी खींसें निपोर दी और हें-हें-हें करने लगे। मोहतरमा अब हम क्या बताएं इनकी ख्याली का मैं शुक्रगुजार हूँ। रात आधी हो या फिर बात बाकि हो उस दरमियां भी एक प्यारा सा संदेश मोबाइल के मैसेज बॉक्स में गूंज उठता है।...आपने अपने दैनिक डाटा का उपयोग सौ फीसदी खर्च कर लिया है।

# केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के नाम पार्टी पदाधिकारियों को सौंपा ज्ञापन








## मुरैना कलेक्टर को हटाने और सूबेदार मलखान सिंह के निलंबन की ज्ञापन के माध्यम से की मांग

**मुरैना।** जिले मैं पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार से नाराज पत्रकार अपनी 2 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन के आठवें दिन जब पत्रकारों की मांग पर राज्य सरकार और आला अधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया तब आज पत्रकारों ने क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के नाम जिला पदाधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा और ज्ञापन के माध्यम से केंद्रीय मंत्री से मांग की है कि मुरैना जिले में जनता के प्रति हो रहे अन्याय और शोषण को रोकना है और केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ जनता को प्रत्यक्ष रूप से देना है तो मुरैना में पदस्थ जिलाधिकारी बी कार्तिकेयन का तत्काल हटाना होगा और मीडिया कर्मियों के साथ हुई अभद्रता के लिए पुलिस लाइन सूबेदार मलखान सिंह को तत्काल निलंबित कर विभागीय जांच कराई जानी चाहिए। भाजपा पदाधिकारियों ने मीडिया कर्मियों को आश्वस्त किया है कि मीडिया पत्रकारों की 2 सूत्री मांगों से केंद्रीय मंत्री को तत्काल अवगत करा कर समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा।

### सबलगढ़ में पत्रकारों ने दिया राज्यपाल के नाम ज्ञापन

कैलारस क्षेत्र के पत्रकारों ने आज अनुविभागीय कार्यालय सबलगढ़ पहुंचकर मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और जिले भर में पत्रकारों की स्वतंत्रता पर लगाए जा रहे हैं हमको और अधिकारियों की हिटलर शाही पर रोक लगाने की मांग ज्ञापन के माध्यम से करते हुए मुरैना कलेक्टर भी कार्थिकेयन को हटाने और पुलिस लाइन सूबेदार मलखान सिंह के तत्काल निलंबन की मांग की है।

### अंबाह में भाजपा विधायक कमलेश जाटव को सौंपा ज्ञापन

5 अगस्त से जिले के पत्रकारों का जो अनवरत आंदोलन चल रहा है उसी कड़ी में शुक्रवार को अंबाह तहसील के पत्रकारों ने क्षेत्रीय विधायक कमलेश जाटव को ज्ञापन सौंपकर जिला कलेक्टर बी कार्तिकेयन को हटाने और मलखान सिंह की निलंबन की मांग की है। जिस पर विधायक कमलेश जाटव ने आश्वासन दिया है कि वह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से इस विषय पर चर्चा कर पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारियों को तत्काल हटाने की मांग करेंगे।

## मुरैना में प्रथम बार स्वरोजगार स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन

**मुरैना।** युवाओं को स्वरोजगार स्टार्टअप स्थापित करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से आगामी 21 जून रविवार को स्थानीय टाउन हॉल जीवाजी गंज में दोपहर 12 बजे से सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। सूचना एवं लघु उद्योगों को मंच प्रदान करने वाली राष्ट्रीय संस्था लघु उद्योग भारती द्वारा मुरैना शहर में प्रथम बार यह आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में कार्यक्रम संयोजक सीए प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि युवाओं को स्वरोजगार स्टार्टअप स्थापित करने हेतु नए विचार शासन की नीतियों तथा बैंक से लोन लेने हेतु आवश्यक प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा। इस सेमिनार में भाग लेने हेतु मध्य प्रदेश शासन के सूक्ष्म एवं लघु उद्योग मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, डॉ भगवती प्रसाद शर्मा समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं पूर्व कुलपति एवं उद्योग आयुक्त आईएएस पी नरहरि मुरैना आ रहे हैं, साथ ही ऐसे सफल स्टार्टअप उद्यमी जिन्होंने न्यूनतम निवेश से कार्य प्रारंभ करते हुए अल्प समय में ही कारोबार में ऊंचाइयां प्राप्त की हैं।

## कृत्रिम गर्भाधन की नई तकनीकी से पड़िया एवं बछिया ही पैदा होगी

**मुरैना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग मुरैना के उपसंचालक डॉ. आरके त्यागी ने बताया कि पशुपालन विभाग के द्वारा कृत्रिम गर्भाधान के अन्तर्गत नई तकनीकी सेक्स सार्टेड सीमन उपलब्ध है, जिससे केबल पड़िया एवं बछिया ही पैदा होगी। यह सीमन एच.एफ. जर्सी, मुर्रा, साहीवाल, गिर, मारवाड़ी नस्ल का सीमन उपलब्ध है। सभी पशुपालकों को सलाह दी गई है कि अपने मादा पशुओं को सेक्स सार्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान हेतु पशुपालन विभाग के टोलफ्री नंबर 1962 पर कॉल करके गाय, भैंस में गर्भाधान करा सकते है। जिसका शासन द्वारा 500 रूपये शुल्क निर्धारित किया गया है।

## पशुपालक ब्रूसेल्ला टीकाकरण अवश्य करावें

**मुरैना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग मुरैना के उपसंचालक डॉ. आरके त्यागी ने बताया कि भारत सरकार के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्रूसेल्ला टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिसमें मुरैना जिले के समस्त विकासखण्डों के समस्त ग्रामों में पशुपालकों से अपील की जाती है कि अपने गौवंशीय, भैंसवंशीय तथा 4 से 8 माह के मादा पशुओं को ब्रूसेल्ला टीकाकरण आवश्यक रूप से करायें।

# बीआरसीसी एवं एपीसी की प्रति नियुक्ति के आदेश जारी करने एवं परीक्षा निरस्त करने दिया ज्ञापन



**मुरैना।** मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ जिला मुरैना ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर मुरैना को दिया है, जिसमें बीआरसीसी एवं एपीसी की प्रतिनियुक्ति के आदेश जारी करने तथा 16 अगस्त को आयोजित होने वाली परीक्षा को तत्काल निरस्त किए जाने की मांग की गई है।

संघ के जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार शर्मा ज्ञापन में बताया है कि एपीसी एवं बीआरसीसी की प्रतिनियुक्ति की जा रही है, जिससे शिक्षा मैं सुधार एवं शासकीय कार्य की गतिविधियां वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार होती रहें, लेकिन इसमें कुछ विसंगतियां हैं, जिन्हें ध्यान देना आवश्यक है। ज्ञापन में बताया गया कि बीआरसीसी एवं एपीसी की प्रतिनियुक्ति में शासन के दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। मुरैना जिले के डीईओ, डीपीसी द्वारा इतनी गंभीर अनियमितताएं की गई है कि पात्र अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र बीआरसीसी के द्वारा जो वितरण किए गए हैं, उनमें रोल नंबर अलग है। डीपीसी कार्यालय द्वारा जो लिंक जारी की गई है, उसमें रोल नंबर अलग प्रदर्शित हो रहा है, जिससे ऐसा लगता है कि वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह कर अपने चहेते अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाने के लिए यह व्यवस्था की गई है, जो नियम विरुद्ध है। ऐसे डीईओ, डीपीसी के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि सीएसी, बीएसी, डीपीसी की प्रतिनियुक्ति हुई है, उसी प्रकार बीआरसीसी एवं एपीसी की प्रतिनियुक्ति के आदेश जारी किए जाएं एवं 16 अगस्त को जो परीक्षा आयोजित की जा रही है, उसे तत्काल निरस्त किया जाए।

# अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल दसवें दिन भी जारी

कैलारस



शासकीय अस्पताल के सामने कृष्ण मार्ग व 5 वार्डो की जनता की 10 हजार आवादी के लिए ब्रॉड गेज के निर्माण के साथ अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर नागरिकों की ओर से चलाया जा रहा आंदोलन रक्षाबंधन और उसके बाद भी जारी रहा। शुक्रवार को 10 वें दिन भी नागरिक भूख हड़ताल पर बैठे। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि स्थिति का अवलोकन कर अंडर ब्रिज निर्माण कराए जाने की स्वीकृति प्रदान करें। भूख हड़ताल पर नरेश जाटव, हलुका जाटव, रामदयाल जाटव, अवी खान, बजीर खान, मिथुन जाटव, सत्तू शाक्य, रमेश प्रजापति आदि बैठे। भूख हड़ताली कार्यकर्ताओं ने संकल्प को दोहराया है कि मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञातव्य हो कि रक्षाबंधन के दिन भी और बरसते पानी में भी आंदोलन निरंतर जारी रहा है। अभी तक आंदोलन स्थल पर उत्तर मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने दौरा किया है। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है। स्थानीय विधायक द्वारा भी आश्वासन दिया गया है। परंतु अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

# भुजरियां मेला में प्रतियोगिता आयोजित, नप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने किया विजेताओं को पुरस्कृत

**झुण्डपुरा।** नगर परिषद झुण्डपुरा पर नगर परिषद अध्यक्ष के निर्देशानुसार रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर पुलिस चोकी के पास भुजरियां मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 6 प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिनमें दुर दराज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अलग-अलग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

उक्त आयोजन में नगर परिषद के अध्यक्ष श्रीमती मनीषा बल्ली सोनी एवं उपाध्यक्ष यशकांत गुड्डू शर्मा ने प्रतिभागियों के उत्साह वर्धन हेतु प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि वितरित की। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को1100 रुपए, द्वितीय स्थान 551 रुपए, तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतियोगी को 251 रुपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गये। आयोजन के दौरान आयोजित



गोला फेंक प्रतियोगिता में आशू राजोरिया, राहुल सिंह सिकरवार व श्रीभान केवट, ऊंची कूद में श्रीभान केवट, पीयूष शर्मा, मेहरबान गुर्जर, मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में सपना जगा, सोनम शर्मा, रौना साक्षी रावत, भुजरियां सजाओ में प्रियंका कुशवाह, रेनू कुशवाह व हर्षिता सविता के अलावा लम्बी कूद में रामराज गुर्जर, श्रीभान केवट, लवकुश रावत और पतंग प्रतियोगिता में सोनू रावत, लवकुश प्रजापति व भोले शर्मा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए।

## ब्रह्माकुमारीज के द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली



**मुरैना।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शुक्रवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुरैना के केंद्र पर एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें रघुराज कंसाना पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष मंचासीन किए और आजादी के अमृत महोत्सव का पट्टा डाल कर ऊँ शांति की कैप लगा कर हाथ में तिरंगा झंडा लिया। इस अवसर पर रघुराज कंसाना द्वारा निकाले जाने वाले तिरंगा यात्रा की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा इससे यह संदेश जाता है कि लोग अपने तिरंगा का सम्मान करें और घर का तिरंगा फहरायें। कार्यक्रम के अंत में रेखा बहन ने राखी बांधी गई एवं मिष्ठान दिया गया तथा सौगात के रूप में एक पौधा दिया गया।

# ग्राम खेरा में हुआ महापौर शारदा का भव्य स्वागत



**मुरैना।** नगर निगम मुरैना की महापौर श्रीमती शारदा शारदा सौलंकी का ग्राम खेरा में आर डी बंसल ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। श्रीमती सोलंकी महापौर बनने के बाद ग्राम खेरा पहुँची, जहाँ पर ग्राम वासियों ने स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर श्रीमती सोलंकी ने ग्राम वासियों से कहा कि ग्राम खेड़ा से मेरा पारिवारिक नाता है, यहां मैं कोई राजनीति करने नहीं आई हूं, आज आप लोगों ने जो मुझे सम्मान दिया है, मैं और मेरा परिवार जीवन भर इस अभिवादन को याद रखेगा। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व सांसद बाबूलाल सोलंकी, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, शहर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, राजेंद्र प्रसाद सोलंकी मौजूद रहे। ग्राम वासियों ने कांग्रेस पदाधिकारियों का भी फूल मालाओं से स्वागत किया।

# नवनिर्वाचित जनपद, नगर पालिका अध्यक्ष व सरपंचों का सम्मान समारोह आयोजित

**सबलगढ।** गत दिवस हुए जनपद नगर पालिका नगर पंचायतों सहित ग्राम पंचायत के पंच और सरपंच पदों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह नगर के बजरंग गार्डन में संपन्न हुआ। उक्त सम्मान समारोह में जनपद क्षेत्र सबलगढ़ के बड़ी संख्या में नवनिर्वाचित सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

विदित हो कि समाजसेवी युवा नेता राधे श्याम शुक्ला द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में जनपद पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अतर सिंह रावत, उपाध्यक्ष बजरंग सिंह जादौन, नगर पालिका सबलगढ़ के अध्यक्ष सोनेराम धाकड़, उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह, सरपंच लटूरी व्यास रामगढ, मौनू मरैया खेराडिगवार, देवेंद्र सिंह जादौन रहू गांव, गोटेलाल रावत डिगवार, रामदास मरैया मांगरोल, जय मंडल सिंह सिकरवार



अटार, फेरन सिंह रावत बावड़ी, दिनेश शर्मा गुलालई, सौरभ रावत जाबरोल, महेश रावत पूछरी, वनेश केवट बनवारा, झंडू श्रीवास कैमारी, प्रमोद जादौन, संतोषपुर, अशोक जादौन रूपा का तौर, वीरेंद्र केवट बटेश्वरा, सतीश त्यागी पासौन कला, नरेश जाटव किशोरगढ़, महावीर शर्मा देवपुर, रामरतन प्रजापति शिवलालपुरा, गंगाधर केवट जनपद सदस्य, गजराज केवट उपसरपंच, राघवेंद्र जादौन उपसरपंच, मोहन पचौरी पार्षद, राम कुमार त्यागी पार्षद का शॉल-श्रीफल और साफा भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी गंगाराम शुक्ला ने सभी नवनिर्वाचित जनपद, जिला पंचायत, पंच और सरपंच, नगर पालिका, नगर पंचायत के पदाधिकारियों से सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए योग्यदान देने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राजेन्द्र मरैया, अवधेश गोयल, विजय जादौन, अखिलेश जादौन, अक्षयशरण मिश्रा, गणेशपाल सिंह जादौन, दीपू शिवेंद्र शर्मा, वासुदेव त्यागी, कपिल पाराशर, धर्म सिंह जादौन, बादशाह रावत, बंटी शर्मा, शिवेंद्र सोनी, डॉ पवन उपाध्याय, दिनेश शर्मा, गौरव त्यागी, प्रमोद त्यागी विशेष रुप से मौजूद रहे।

# प्रिंस राठौर निर्वाचित हुए नपा परिषद सीहोर के अध्यक्ष

### अब तक के सबसे युवा अध्यक्ष बनने का रिकार्ड भी बनाया

**रघुवर दयाल गोहिया पुष्पांजली टुडे**

**सीहोर।** शुक्रवार को नगर पालिका परिषद सीहोर के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष एवं अपील समिति के दो सदस्यों हेतु निर्वाचन प्रक्रिया कलेक्टर श्री चन्द्रमोहन ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री सतीष राय एवं मुख्यन गरपालिका अधिकारी श्री संदीप श्रीवास्तव द्वारा संपन्न करवाई गई। निर्वाचन प्रक्रिया में सर्वप्रथम अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु भाजपा के श्री प्रिंस राठौर (विकास राठौर) एवं कांग्रेस के श्री राजीव गुजराती द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये गये। जिसमें मतदान प्रक्रिया के अंतर्गत श्री प्रिंस राठौर (विकास राठौर) को 24 मत एवं श्री राजीव गुजराती को 10 मत प्राप्त हुए। एक मत पत्र खारिज हो गया। इस प्रकार नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु श्री प्रिंस राठौर (विकास राठौर) को निर्वाचित घोषित किया गया। उपाध्यक्ष पद हेतु श्री विपिन सास्ता एवं श्रीमति वर्षा घनश्याम यादव द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये गये। जिसमें मतदान प्रक्रिया के अंतर्गत श्री विपिन सास्ता को 23 मत प्राप्त हुए । श्रीमति वर्षा यादव को 12 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार नगर पालिका उपाध्यक्ष पद हेतु श्री विपिन सास्ता को निर्वाचित घोषित किया गया। अपील समिति के दो सदस्यों हेतु निर्वाचन प्रक्रिया में तीन पार्षदों द्वारा नाम निर्देशन प्रस्तुत किये गये । निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत दो सदस्य हेतु पार्षद श्री प्रदीप गौतम (बब्लू) एवं श्री मुस्तफा अंजुम निर्वाचित घोषित किये गये।



भाजपा नेता श्री प्रिंस राठौर अभी तक के सबसे युवा नपा अध्यक्ष हैं। राजनीति उन्हें अपने दादाजी स्व. श्री बेनी प्रसाद राठौर से विरासत में मिली है जो खुद भी नपा अध्यक्ष रह चुके थे। राठौर समाज सहित पूरे नगर में श्री बेनी प्रसाद राठौर (मास्टर साहब) का अत्यधिक सम्मान था।

प्रिंस राठौर के नपा अध्यक्ष निर्वाचित किये जाने की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उपस्थित लोगों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। इसके बाद नगर में विजय जुलूस निकाला गया जहां अनेक स्थानों पर श्री राठौर का भव्य स्वागत किया गया।

# भारत की आजादी के 75वे अमृत महोत्सव को लेकर भाजपा खोड़ मंडल द्वारा पैदल तिरंगा यात्रा का आयोजन

**नरेश कुमार सीरवी**

**रानी पाली।** भाजपा खोड़ मंडल आईटी सेल संयोजक प्रभुसिंह राव चांचौडी ने मीडिया को प्रेस रिलीज कर बताया कि भाजपा खोड़ मंडल अध्यक्ष हुकमसिंह खरोकड़ा की अध्यक्षता में भारत की आजादी के 75वे अमृत महोत्सव को लेकर खोड़ मंडल क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित किरवा ग्राम के पंचायत मुख्यालय एंव विधालय से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 62 सहित पूरे ग्राम क्षेत्र में पैदल तिरंगा यात्रा निकाल कर आजादी के अमृत महोत्सव को मनाया जाएगा भारतीय जनता पार्टी के पाली जिलाध्यक्ष मंशाराम परमार सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत के सानिध्य में कल खोड़ मण्डल द्वारा तिरंगा पैदल यात्रा निकालकर घरघर तिरंगा फहराने के लिए लोगो को प्रेरित किया जाएगा आजादी के 75वे अमृत महोत्सव की पैदल तिरंगा यात्रा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र बोहरा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष खीमा राम चौधरी, जिला महामंत्री मोहन जाट सुनील भंडारी, प्रधान प्रतिनिधि रानी गिरधारी सिंह मेड़तिया, मंडल प्रभारी जिला मंत्री जयवर्धन रांकावत , सुरेश चौधरी जिला उपाध्यक्ष सहित पाली जिले के वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी नेता एंव कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। भाजपा खोड़ मंडल के पन्ना प्रमुख बुथअध्यक्ष मंडल पदाधिकारी मंडल क्षेत्र के सभी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता एंव पार्टी पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति शत प्रतिशत अनिवार्य हैं। भारत आजादी के इस अमृत महोत्सव को मनाने और किरवा की पैदल तिरंगा यात्रा में अधिकाधिक रूप से सभी राष्ट्रवादी साथी अपनी सहभागिता निभाए



# हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा, भारत माता की जय एवं वंदे मातरम्

**संवाददाता हरिओम परिहार**

**शिवपुरी।** हर-घर तिरंगा अभियान को जन-जन का अभियान बनाने के उद्देश्य से आज शिवपुरी शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा हवाई पट्टी से प्रारंभ होकर गुना नाका से पोहरी चौराहा, ग्वालियर बायपास, माधव चौक, गुरुद्वारा, राजेश्वरी रोड से पोलो ग्राउंड पर पूर्ण हुई। यात्रा के समापन के दौरान कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने सभी को अपने घरों, प्रतिष्ठानों आदि पर 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने की शपथ भी दिलाई। उक्त राज्यमंत्री दर्जा श्री प्रहलाद भारती, विधायक कोलारस श्री वीरेन्द्र रघुवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजू बाथम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह,



पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदले एवं बड़ी संख्या में पुलिस, सीआरपीएफ, आइटीबीपी, एसएएफ एवं कई सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि एवं सदस्य तथा शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुई। यात्रा में सभी लोग अपने वाहनों पर एवं हाथों में तिरंगा थामे चल रहे थे और भारत माता की जय, हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा, बंदे मातरम् के नारे लगा रहे थे। नगर में अनेक स्थलों पर नागरिकों, संगठनों द्वारा तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रैली के समापन अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 के बीच सभी नागरिक अपने घरों पर, प्रतिष्ठानों पर, कार्यालयों पर तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी को तिरंगा झण्डा संहिता की जानकारी दी तथा हर घर तिरंगा अभियान से जुड़कर 13 से 15 अगस्त के मध्य राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित

**अनिल कुशवाह प्रभारी**

**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** भारत सरकार की अल्पसंख्यक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु कक्षा 11 एवं 12, आईटीआई, डिप्लोमा, बी-एड, एमफिल, पीएचडी, स्नातक, स्नाकोत्तर में अध्ययनरत नवीन एवं नवीनीकरण विद्यार्थियों के लिये 31 अक्टूबर 2022 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए है। योजना से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं मानक संचालन प्रक्रिया National Scholarship Portal (NSP) पर उपलब्ध है।

पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत भारत में अध्ययन करने के लिये प्रदेश के मूल निवासी अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के आवेदन हेतु भारत सरकार की National Scholarship Portal (NSP) URL www.scholarships.gov.in पर जिसकी लिंक भारत सरकार की वेबसाईट www.minorityaffairs.gov.in पर भी उपलब्ध है या मोबाईल एप- National Scholarship (NSP) पर ऑनलाइन आवेदन भरना होगा। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि छात्रवृत्ति हेतु केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे, ऑफलाईन आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। विद्यार्थी के आधार कार्ड में उल्लेखित नाम लिंग, जन्मतिथि के आधार डेमोग्राफिक सत्यापन को एनएसपी पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने के पश्चात् भरे गये पूर्ण आवेदन का एक प्रिन्टआउट अनिवार्य रूप से निकालकर अपने पास सुरक्षित रखा जाए। आवेदन पत्र की प्रत्येक कण्डिकाओं की जानकारी पूर्ण नही देने एवं योजना में दिए गए निर्देशानुसार आवश्यक प्रमाण पत्र अपलोड नहीं करने पर छात्रवृत्ति की पात्रता नहीं होगी। प्रत्येक विद्यार्थी अपना एक ही आवेदन भरें, एक से अधिक बार आवेदन करने पर समस्त आवेदनों को निरस्त माना जायेगा। नवीनीकरण के विद्यार्थी जिन्हें वित्तीय वर्ष 2021-22 में राशि प्राप्त हुई है द्वारा नवीनीकरण का आवेदन भरते समय गत वर्ष 2021-22 में प्रदत्त एप्लीकेशन आई.डी. का उपयोग किया जाए।

# चिकित्सक अपना श्रेष्ठ मरीजों एवम संस्था को दें - डॉ दिनेश उदेनिया

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**दतिया।** डीन डॉ दिनेश उदेनिया ने लिया इमरजेंसी एवम ट्रामा वार्ड का आकस्मिक निरीक्षण शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया के डीन डॉ दिनेश उदैनिया द्वारा दतिया जिला चिकित्सालय के ट्रॉमा सेंटर , एवं इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय उन्होंने मरीजों को होनी वाली समस्याओं की जानकारी ली एवं एवं उन्होंने सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा डॉक्टरों को समय से राउंड लेने एवं अपना पूरा नाम और सील लगाने के निर्देश दिए। साथ ही साथ कहा कि सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी अपना श्रेष्ठ , मरीजों एवं संस्था को दें ताकि शिकायत की गुंजायश ही नहीं रहे । निरीक्षण के समय उनके साथ सिविल सर्जन डॉक्टर केसी राठौर, अस्पताल अधीक्षक डॉ अर्जुन सिंह, एवं सह अधीक्षक डॉ सचिन सिंह यादव मौजूद रहे।



# 'देश की बुनियाद खोखली हो रही है'

एक युग था जब इंसान को इंसान के प्रति भाईचारा, सद्भाव, अपनापन और प्रेम था। किसीके लिए कुछ कर गुज़रने की भावना थी, परिवार में शांति थी, पड़ोसियों से सुचारू व्यवहार था, दो कोमों के बीच सामंजस्य था और देश में अखंडता का एहसास होता था। वक्त के साथ इंसान की सोच भी बदल गई, स्वभाव भी बदल गया और व्यवहार भी बदल गया।

क्यूँ फैल रही है एक इंसान के दिल में दूसरे इंसान के प्रति नफ़रत, कौन फैला रहा है जात-पात का सियापा? क्यूँ इंसान धर्म को, देश को और राष्ट्र ध्वज को बाँट रहा है। क्या रखा है जात-पात में। ईश्वर ने सबको मनुष्य बनाकर धरती पर भेजा है, जन्म लेते वक्त हमें कोई चॉइस नहीं दी जाती, कि बोलो कौनसे मज़हब में, कौनसे घर में, कौनसे माँ-बाप द्वारा पैदा होना पसंद करोगे। हम इंसान की औलाद है इंसान बनने के बदले जानवर होते जा रहे है। चार दिन की ज़िंदगी है कल क्या होगा कोई नहीं जानता। क्यूँ हम पीढ़ियों से सिर्फ़ जाति देखते आ रहे है हर व्यक्ति में इंसान और इंसानियत देखने की



कोशिश तक नहीं करते। हल्की सी आदत तो ड़ालिए, किसी इंसान के भीतर झाँक कर मनुष्यता ढूँढने की। आजकल राजनीति ने ऐसा घिनौना रुप ले लिया है कि धर्मांधता का धुआँ वहीं से उठता दिख रहा है। जात-पात और धर्म के नाम पर सियासत करते, निम्न स्तरीय हरकतों पर उतर आए है। दो कोमों के बीच वैमनस्यता फैलाकर अपनी रोटियाँ सेक रहे है। धर्म नाम की लॉलिपॉप थमा कर, बिना वजह इंसान को इंसान का दुश्मन बना रहे है।

तिरंगा जो देश के हर नागरिक की आन, बान और शान है उस पर राजनीति कितनी शोभा देती है। नमाज़ पढ़ने पर सियासत, हनुमान चालीसा पर बवाल। हर छोटी-बड़ी बात पर विपक्षों के विरोध और विद्रोह ने देश में अशांति का माहौल खड़ा कर रखा है। चाहे ओवैसी हो, राहुल गांधी हो, आम आदमी पार्टी हो, इनको एक ही आदत है, मौजूदा सरकार पर हर बात पर हल्के शब्दों में दोषारोपण, सरकार की टांग खिंचकर गिराना की कोशिश में खुद गिरते जा रहे है। जब देश आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है तब, दर असल धर्म से ऊपर उठकर हर नागरिक को इस तिरंगा यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। राहुल गांधी ने ऋस्स पर बड़ा हमला कर दिया। बिना नाम लिए उन्होंने ट्वीट कर कहा कि इतिहास गवाह है, %हर घर तिरंगा% मुहीम चलाने वाले, उस देशद्रोही संगठन से निकले हैं, जिन्होंने 52 सालों तक तिरंगा नहीं फहराया। अब तिरंगा फ़हराने का ऋस्स से क्या लेना-देना। ये सारी जद्दोजहद महज़ कुर्सी और पार्टी बचाने के लिए होती है, किसीको देश की या आम इंसान की परवाह नहीं। नेताओं की बयानबाज़ी से प्रभावित होते सोशल मीडिया पर तू-तू, मैं-मैं करते लोगों को देखकर लगता है ये एक ही देश की प्रजा नहीं, बल्कि दो देशों के बीच जंग छीड़ गई हो ऐसा महसूस होता है। एक दूसरे की जात पर, कोम पर और भगवान पर ओछे शब्दों में गलत टिप्पणी करते आमने-सामने ऐसे आ जाते है, जैसे कट्टर दुश्मन हो। अरे भै नेताओं का तो काम ही आपको इन सारी बातों में उलझाने का है, कम से कम आप तो अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करके आगे बढ़िए। क्यूँ देश की अखंडता पर तलवार चलाने पर तुले हो। जात-पात और धर्मांधता वाली मानसिकता ने देश में नफ़रत की आँधी फैला दी है। मत बहको ऐसी फ़िज़ूल की बातों में आकर देश की बुनियाद खोखली हो रही है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी को हम क्या देकर जाएँगे अगर सुद्रढ़ राष्ट्र और सुरक्षित भविष्य चाहते है तो एक बनों एकता में शक्ति है। वरना दुश्मन देश तो भारत को तोड़ने से रहे आंतर विग्रह ही देश के टुकड़े कर देगा।

**भावना ठाकर %भावु% बेंगलोर**

# शिवपुरी पुलिस ,प्रशासन द्वारा आइटीबीपी, एसएएफ , वन विभाग, लायंस क्लब वकील ,स्काउट एंड गाइड, ऑटो यूनियन एवं आमजन के साथ निकाली विशाल रैली

**अनिल कुशवाह प्रभारी**

**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-देशभर में आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है इस महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है जिसको सफल बनाने के लिए आज शिवपुरी पुलिस ,प्रशासन ,आइटीबीपी, सीआरपीएफ, वन विभाग जनप्रतिनिधि, लायंस क्लब ,स्काउट एंड गाइड, एन एस एस ,ऑटो यूनियन एवं आमजन आदि के द्वारा संयुक्त रुप से एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत कलेक्टर शिवपुरी श्री अक्षय कुमार एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा हवाई पट्टी से की गई, रैली हवाई पट्टी से शुरू होकर आईटीआई तिराहा, गुना नाका, पोहरी चौराहा ,रेलवे स्टेशन होते हुए बस स्टैंड ,पोहरी चौराहा ,ग्वालियर नाका ,माधव चौक ,राजेश्वरी रोड ,अग्रसेन चौराहा होते हुए पोलो ग्राउंड पर समाप्त हुई उक्त रैली में 1000 से अधिक लोगों ने भाग लिया इसमें 700 से अधिक मोटरसाइकिल एवं 60 से अधिक चार पहिया वाहनों शामिल हुए रैली में सभी लोग अपने वाहनों पर तिरंगा झंडा लगाए हुए थे ।इस रैली का शिवपुरी शहर के आम नागरिकों द्वारा जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, रैली के दौरान माइक से लोगों से आव्हान किया गया कि 13 से 15 अगस्त 2022 तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं एवं हर व्यक्ति अपने घर दुकान प्रतिष्ठान कार्यालय आदि में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा अवश्य लगाए



# पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा आयोजित ऑनलाइन रक्षाबंधन साहित्यिक महोत्सव सफलतापूर्वक सम्पन्न

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पंजाब।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा पावन पर्व रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में ऑनलाइन %रक्षाबंधन साहित्यिक महोत्सव% का आयोजन किया गया। जिसका विषय %भाई-बहन का स्नेह% रखा गया। इस महोत्सव में देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया। जिन्होंने दिए गए विषय पर आधारित एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट रचनाओं को प्रस्तुत कर महोत्सव की शोभा में चार चाँद लगा दिए। महोत्सव में महिला रचनाकारों ने एक ओर जहां अपनी रचनाओं के माध्यम से रक्षाबंधन पर्व की विशेषता का गुणगान किया तो दूसरी ओर भाईयों के प्रति भी उन्होंने अपने असीम स्नेह और श्रद्धा भावना को प्रकट किया। इस महोत्सव में प्राप्ति सिंह (हैदराबाद, तेलंगाना), भारती राय (नोएडा, उत्तर प्रदेश) और सम्पदा ठाकुर (मुंगेर, बिहार) द्वारा प्रस्तुत की गई रचनाओं ने समूह का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। महोत्सव में सम्मिलित सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन %पुनीत स्नेह विशेष% सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार जी ने समस्त देशवासियों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व को भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक बताया और महोत्सव में प्रस्तुत की गई रचनाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर रचनाकारों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। उन्होंने हिंदी रचनाकारों को समूह द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न ऑनलाइन साहित्यिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सादर आमंत्रित भी किया।







# भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे,एसडीएम ज्योति ठाकुर, एसडीओपी दुर्गेश आर्मो के नेतृत्व में लांजी में निकाली गई विशाल तिरंगा रैली

## तिरंगा यात्रा में वंदे मातरम से गूंजा लांजी नगर

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** जिले की विकासखण्ड लांजी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर मुख्यालय में रैली का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा के कार्यकर्ता, लांजी पुलिस के जवान, हाकफोर्स के जवानों के साथ म.प्र. वन विभाग के पुलिस के अधिकारी व जवान, कोटवार संघ के सभी सदस्य, पटवारी संघ के सदस्य, शिक्षक साथी, नेहरू युवा केन्द्र के सदस्य , नगरपालिका के कर्मचारी, तहसील कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। हर घर तिरंगा रैली नगर पालिका से प्रारंभ होकर लांजी बस स्टैंड से होते हुए कोटेश्वर मार्ग, गुजरी मार्ग, लंजकाई मंदिर से शहर के सभी प्रमुख



मार्गों व चौराहों पर पहुंची तथा नागरिकों को आगामी 15 अगस्त को हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु जागरुक व प्रेरित किया। इस रैली में आम नागरिकों का भी भरपूर सहयोग मिला तथा जवानों व नागरिकों द्वारा राष्ट्रभक्ति के नारों की गूंजें दूर-दूर तक सुनाई दीं। हर घर तिरंगा यात्रा रैली एवं आकर्षण का केंद्र रही स्कूली बच्चों की झांकियों का नागरिकों द्वारा ताली बजाकर एवं फुल की वर्षा कर स्वागत किया गया। आम लोगों को अपने घरों, कार्यालयों व निजी कार्यालय व प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु जागरुक व प्रेरित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे, भाजपा नमो नमो मोर्चा जिलाध्यक्ष पंकज चौधरी, लांजी एसडीएम ज्योति ठाकुर, एसडीओपी दुर्गेश आर्मो, थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान, तहसीलदार सतीश चौधरी व पुलिस जवान एवं गणमान्य भी उपस्थित रहे।



### जमकर थिरके पुलिस के जवान

तिरंगा रैली में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने एवं संदेश देने के उपरांत नगर के चौराहे पर पुलिस एवं हाकफोर्स के जवान, भाजपा जिलाध्यक्ष, एसडीओपी, थाना प्रभारी एवं पत्रकार साथी सभी देशभक्ति गीतों में जमकर थिरके।

## माली महासभा के यूथ जिलाध्यक्ष नवीन कच्छावा ने दिया ज्ञापन



किशनगढ़ के रलावता गाँव में वर्षों पुरानी माली समाज की ज़मीन पर समुदाय विशेष के द्वारा जबरन उपयोग में लेने पर उन्हें पाबंद करने की माँग को लेकर आज जिला कलक्टर अजमेर को माली समाज द्वारा ज्ञापन दिया गया

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** = सुविद्यापीठा सर्कल स्थित कृष्णा महाविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक समारोह कलरव 2022 मैं विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया महाविद्यालय प्रबंधन ने महेंद्र मुणोत को सम्मानित किया गया ।



## हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा, भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् से गुंजायमान हुआ

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में शिवपुरी शहर में निकली तिरंगा यात्रा हर-घर तिरंगा अभियान को जन-जन का अभियान बनाने के उद्देश्य से आज शिवपुरी शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा हवाई पट्टी से प्रारंभ होकर गुना नाका से पोहरी चौराहा, ग्वालियर बायपास, माधव चौक, गुरुद्वारा, राजेश्वरी रोड से पोलो ग्राउंड पर पूर्ण हुई। यात्रा के समापन के दौरान कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने सभी को अपने घरों, प्रतिष्ठानों आदि पर 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने की शपथ भी दिलाई। उक्त राज्यमंत्री दर्जा श्री प्रहलाद भारती, विधायक कोलारस श्री वीरेन्द्र रघुवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजू बाथम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदले एवं बड़ी संख्या में पुलिस, सीआरपीएफ, आइटीबीपी, एसएएफ एवं कई सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि एवं सदस्य तथा शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुई। यात्रा में सभी लोग अपने वाहनों पर एवं हाथों में तिरंगा थामे चल रहे थे और भारत माता की जय, हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा, बंदे मातरम् के नारे लगा रहे थे। नगर में अनेक स्थलों पर नागरिकों, संगठनों द्वारा तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रैली के समापन अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 के बीच सभी नागरिक अपने घरों पर, प्रतिष्ठानों पर, कार्यालयों पर तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी को तिरंगा झण्डा संहिता की जानकारी दी तथा हर घर तिरंगा अभियान से जुड़कर 13 से 15 अगस्त के मध्य राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की।



## बर्दी हायर सेकंडरी स्कूल में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**सिंगरौली चितरंगी।** आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत *शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बर्दी* में तिरंगा यात्रा निकाली गई,जो शास.उच्च. माध्य.विद्या.से चलकर लालीमाटी चौराहा होते हुए बर्दी पंचायत भवन तक पहुंची एवं पुनः शास.उच्च. माध्य.विद्या. प्रांगण में तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। आपको बता दें कि *इस यात्रा में लगभग 450 छात्र और छात्राओं ने अपनी सहभागिता देते हुए अनुशासन का विशेष ध्यान रखा,, साथ इस तिरंगा यात्रा में *बर्दी संकुल प्राचार्य श्री धर्मराज तिवारी,कृष्ण प्रताप धर द्विवेदी,दया शंकर तिवारी,विजय कुमार तिवारी,उपेंद्र उपाध्याय,श्रीमती मधु विश्वकर्मा सहित कई शासकीय शिक्षकों के साथ उक्त विद्यालय में पदस्थ अतिथि शिक्षक कृष्ण कुमार शर्मा, रजनीश कांत त्रिपाठी, तुलसी प्रजापति, मुकेश द्विवेदी* सहित अन्य अतिथि शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के साथ लगभग 7 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा में अपना विषेश योगदान दिया।



## जिला टीकमगढ़ कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी ने हर घर तिरंगा अभियान



**सुनील कुमार अहिरवार**

**टीकमगढ़।** जिले में क्रियान्वयन हेतु व्यापक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि सभी संबंधित अधिकारी जिले में अभियान से नागरिकों को जोड़ने के लिये व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करें। कलेक्टर श्री द्विवेदी के निर्देशों के पालन में जिले में हर घर तिरंगा अभियान के प्रचार हेतु विभिन्न माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत सभी विकासखंड सहित अन्य स्थानों पर दीवार लेखन, होल्डिंग, वैनर आदि के द्वारा भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

## आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत हर-घर-तिरंगा-अभियान



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत ÷हरद्धघरद्धतिरंगाद्धअभियान'' में सभी की सहभागिता हो इसके लिए कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं एसपी श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने गौरी सरोवर में नौका विहार कर शौर्य, शांति और समृद्धि के प्रतीक तिरंगे झंडे को लहराकर आमजन से हरद्धघरद्धतिरंगा अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान एडीएम प्रवीण फुलपगारे, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन, सहायक सेनानी 17वीं वाहिनी बिसवल शैलेन्द्र भारती, जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी, छात्र-छात्राएं एवं आमजन उपस्थित रहे। आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा बड़ा योगदान दिया जा रहा है, आज गौरी सरोवर में नौका विहार कर तिरंगा लहराया गया और गौरी सरोवर के किनारे हाथ में तिरंगा लेकर मानव श्रृंखला बनाई गई।

# खबर शिवपुरी जिले के अंतर्गत आने वाली तहसील खनियाधाना के अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत पहाड़ा खुर्द से है जहां आज कजलियां पर्व है आज, जानिए यह तिथि क्यों है

**कजलियां प्रकृति प्रेम और खुशहाली से जुड़ा पर्व है। इसका प्रचलन सदियों से चला आ रहा है।**

**राखी पर्व के दूसरे दिन कजलियां पर्व मनाया जाता है। इसे कई स्थानों पर भुजलिया या भुजरियां नाम से भी जाना जाता है। इस बार यह पर्व सोमवार यानी आज मनाया जा रहा है। कजलियां पर्व के लिए**

**श्रावण मास की अष्टमी और नवमीं तिथि को बांस की छोटी-छोटी टोकरियों में मिट्टी की तह बिछाकर गेहूं या जौं के दाने बोएं जाते हैं। बुजुर्गों के मुताबिक ये भुजरिया नई फसल का प्रतीक है।**



**संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

कजलियां मुख?य रूप से बुंदेलखंड में राखी के दूसरे दिन की जाने वाली एक परंपरा है, जिसमें नागपंचमी के दूसरे दिन खेतों से लाई गई मिट्टी को बर्तनों में भरकर उसमें गेहूं बोएं जाते हैं और उन गेंहू के बीजों में रक्षाबंधन के दिन तक गोबर की खाद और पानी दिया जाता है और देखभाल की जाती है।

मान्यतानुसार इसका प्रचलन राजा आल्हा ऊदल के समय से है। यह पर्व अच्छी बारिश, अच्छी फसल और जीवन में सुख-समृद्धि की कामना से किया जाता है। तकरीबन एक सप्ताह में गेहूं के पौधे उग आते हैं, जिन्हें भुजरियां कहा जाता है। फिर रक्षाबंधन के दूसरे दिन महिलाओं द्वारा इनकी पूजा-अर्चना करके इन टोकरियों को जल स्त्रोतों में विसर्जित किया जाता है। इस पर्व में रक्षाबंधन के दूसरे दिन एक-दूसरे को देकर शुभकामनाएं दी जाती है और घर के बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया जाता हैं। श्रावण मास की पूर्णिमा तक ये भुजरिया चार से छह इंच की हो जाती हैं। कजलियों (भुजरियां) के दिन महिलाएं पारंपरिक गीत गाते हुए और गाजे-बाजे के साथ तट या सरोवरों में कजलियां विसर्जन के लिए ले जाती हैं।

इस पर्व की प्रचलित जानकारी के अनुसार आल्हा की बहन चंदा श्रावण माह में ससुराल से मायके आई तो सारे नगरवासियों ने कजलियों से उनका स्वागत किया था। महोबा के सिंह सपूतों आल्हा-ऊदल-मलखान की वीरता की गाथाएं आज भी बुंदेलखंड की धरती पर सुनीं व समझी जाती है। बताया जाता है कि महोबा के राजा परमाल, उनकी बिटिया राजकुमारी चन्द्रावलि का अपहरण करने के लिए दिल्ली के राजा पृथ्वीराज ने महोबा पर चढ़ाई कर दी थी।

उस समय राजकुमारी तालाब में कजली सिराने अपनी सखियों के साथ गई हुई थी। राजकुमारी को पृथ्वीराज से बचाने के लिए राज्य के वीर महोबा के सिंह सपूतों आल्हा-ऊदल-मलखान ने वीरतापूर्ण पराक्रम दिखाया था। तब इन दो वीरों के साथ में चन्द्रावलि के ममेरे भाई अभई भी उरई से जा पहुंचें। और कीरत सागर ताल के पास हुई लड़ाई में अभई को वीरगति प्राप्त हुई। उसमें राजा परमाल को बेटा रंजीत भी शहीद हो गया।

बाद में आल्हा-ऊदल, और राजा परमाल के पुत्र ने बड़ी वीरता से पृथ्वीराज की सेना को हराया और वहां से भागने पर मजबूर कर भगा दिया। महोबे की जीत के बाद पूरे बुन्देलखंड में कजलियां का त्योहार मनाया जाने लगा है। आज भी कई स्थानों पर वह त्योहार विजयोत्सव के रूप में मनाया जाता है। आज भी बुंदेली इतिहास में आल्हा-ऊदल का नाम बड़े ही आदरभाव से लिया जाता है।

## रुपावास में ग्रामीण भाई बहनों ने स्नेह रक्षाबंधन उल्लास से मनाया

**नरेश कुमार सिरवी**

**पाली ।** निकटवर्ती रुपावास गांव आंजणा पटेल भवन प्रांगण में पूर्णिमा के अवसर पर ग्रामीण भाई बहनों ने प्यार का रक्षाबंधन उल्लास से मनाया जिसमें शुभ मुहूर्त आते ही अपनी बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर आभूषणों से सुहाग गीत बहने थाली में दीप राखी गुड़ नारियल मिठाई मौली कुमकुम सजाकर भाइयों के सिर पर तिलक लगाकर आरती पूजा कर उनकी लंबी आयु की खुशहाली की कामना कर भाइयों ने बहनों का जीवन की हर परिस्थिति में बहन का साथ देने और उनकी रक्षा करने का संकल्प दिया गया। इस मौके पर भाजपा जिला सहसंयोजक पायल पटेल गुंदोज महिला मंडल उपाध्यक्ष नाजु देवी आजणा श्रीदेवी पटेल पानी देवी हितवी किरण चौधरी कविता पूरण पटेल हार्दिक देवेंद्र हरि भाई पटेल जितेंद्र प्रकाश भरत आंजणा चोथाराम उदाराम नरसिंह राम सहित कई अनेक लोग मौजूद रहे।



## कांग्रेस समर्थित निर्दलीय पार्षद बने अध्यक्ष उपाध्यक्ष

**मोनू बाथम**
**पुष्पांजली टुडे**

गोहद- नगरपालिका में अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें कांग्रेस ने अपना परचम लहराया गोहद विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है यहां से मेवाराम जाटव जो वर्तमान में विधायक हैं मेवाराम जाटव ने पूर्व मंत्री के शाथ कन्धा से कन्धा मिलाकर चुनाव में भाग लिया ओर अपना अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कांग्रेस का वना लिया अध्यक्ष पद पर मंजू जगदीश माहोर कुल वोट संख्या 18 जिसमे 14 मत कांग्रेस ने हासिल किये वही भाजपा प्रत्याशी मंजू प्रमोद कामत को 4 वोट में सन्तुष्ट होना पड़ा वहीं उपाध्यक्ष पद पर सुनील कांकर को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया जो कि लगभग 30 के बाद कांग्रेस का अध्यक्ष उपाध्यक्ष बना इससे पहले भाजपा ,कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष रहे गोहद विधानसभा से पूर्व में लालसिंह आर्य विधायक से मंत्री बने जो कि आज अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं वहीं कांग्रेस से भाजपा में पहुंचे पूर्व विधायक रणवीर जाटव जो संत रविदास हथकरघा विकास निगम अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा ) होने के बाद भी भाजपा का अध्यक्ष बनाने में विफल रहे चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी शुभम शर्मा एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी अनिल पटेल नायब तहसीलदार द्वारा संपन्न कराई गई जहां एसडीओपी सौरभ कुमार के साथ थाना प्रभारी राजेश सातनकर, चौराहा थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा, मालनपुर थाना प्रभारी विनोद करकरे,मौ प्रभारी संजीव तिवारी,एंडोरी प्रभारी नागेश शर्मा के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल मोजूद रहा जहां सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखीं निर्दलीय पार्षद हुए लाभान्वित -निर्वाचन प्रक्रिया में निर्दलीय पार्षद लाभान्वित हुए जिनमें मंजू माहोर निर्दलीय चुनाव जीतने के बाद अध्यक्ष बनीं सुनील कांकर निर्दलीय उपाध्यक्ष बने वहीं अपीलीय समिति में शामिल राजाबेटी सेमर निर्दलीय के साथ ब्रजेन्द्र यादव कांग्रेस को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।



## महिलाओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



**पुष्पांजली टुडे**

जयपुर। आजादी के इस वीर महोत्सव पर देश भर में जोश है। ऐसे में हर भारतीय इसे अपने तरीके से मना रहा है, गांव तसीमों में महिलाओं ने तिरंगा रैली निकाली और जोर सोर से देशभक्ति के नारे लगाए। वहीं इस यात्रा में पूरे गांव से लोग मोजूद थे और देश भक्ति दिखाई और प्रधानमंत्री जी द्वारा (हर घर तिरंगा) नारे को आगे बड़ाने में सभी को सहयोग करने का आग्रह किया।वही इस रैली मे हमारे प्रभारी सौरव मोजूद थे जिन्होंने ये यादें तस्वीर में कैद की।

## स्कूल की समस्या से रूबरू हुए जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

बालाघाट विकासखण्ड लांजी की ग्राम घंसा के शासकीय माध्यमिक शाला की हालत शैक्षणिक कार्य के प्रति निरंतर बद से बदतर होती जा रही है। स्कूली बच्चों ने बताया कि यहां दो शिक्षक पदस्थ है जिसमे एक शिक्षक वामेन्द नाईक जो कि प्रभारी प्रधानाध्यापक है जो पिछले 15 दिनों से स्कूल नहीं आ रहे है। दूसरे शिक्षक शशी भूषण फूलमारे जो कि विकलांग है वे केवल पढ़ा ही पाते है लेकिन बोर्ड मे लिख नहीं सकते। जिसके चलते अध्ययन एवं अन्य शालेय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस विद्यालय में बोरिंग( हैंड पंप)तो लगा हुआ है लेकिन गंदा पानी आने के चलते बच्चे रोज एक किलोमीटर दूर से पीने का पानी लाते हैं। जन चर्चा है कि यहां के प्रभारी प्रधानाध्यापक कभी कभी स्कूल में भी शराब पीकर आ जाते हैं। जिसके चलते स्कूल की दर्ज संख्या कम होते जा रही है एवं विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक में दर्ज संख्या सिर्फ 40 रह गई है। जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने स्कूली बच्चों एवं ग्रामवासीयों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही उच्च अधिकारियों को समस्याओ से अवगत कराकर निराकरण करेंगे। इस दौरान लिखेंद्र उपराड़े, पूर्व पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिल गिरिया, पालड़ोंगरी सरपंच गणेश नारनौरे,अतिथि शिक्षक कपिल माहुले उपस्थित रहे।



स्कूली बच्चों एवं पालकों ने यहां की समस्याओं से अवगत कराया है इस संबंध में शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारीयों को समस्याओं से अवगत करा कर निराकरण किया जाएगा।

**अजय अवसरे उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी**

### शिकायत पर होगी कार्रवाई

इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है प्रभारी प्रधान पाठक 20 जुलाई से स्वास्थ्य खराब होने के चलते अवकाश पर है अध्ययन कार्य के लिए अतिथि शिक्षक लेने के लिए निर्देश दिए गए हैं। फिर भी कोई शिकायत मिलती है तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**वाय डी गिरिया संकुल प्राचार्य बहेला**

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सिविल अस्पताल हजीरा में व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक ली





**ग्वालियर।**

प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सिविल अस्पताल हजीरा में व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक ली तथा संबंधित अधिकारियों एवं डाक्टर्स को आवशयक दिशा निर्देश दिये। बैठक में एसडीएम श्री प्रदीप तोमर, सीएसपी श्री शाक्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा, सिविल अस्पताल प्रभारी डा. प्रशांत नायक सहित डाक्टर्स एवं स्टाप उपस्थित रहा।

सिविल अस्पताल हजीरा में आयोजित समीक्षा बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल से संबंधित जिस भी चिकित्सीय उपकरण की आवश्यकता है मुझे सूची बनाकर दें। जिससे मैं जो सामान शासन स्तर से मिल सकता है वह शासन से दिलाउंगा साथ ही बांकी सामान सीएसआर मद से लिया जाएगा। इसके साथ ही संबंधित को निर्देशित किया कि शहर में बडे-बडे व्यापारियों को अस्पताल में आमंत्रित कर अस्पताल के उन्नयन एवं विकास के लिये उनकी सीएसआर मद से रूपया लें। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के संबंध में कार्ययोजना बनाये जाने के लिये निर्देशित किया।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने डायलिसिस यूनिट व नेत्र ऑपरेशन थियेटर को अगले सप्ताह तक चालू करने के लिये संबंधित को डॉक्टर्स को निर्देशित किया। साथ ही फायर सेफ्टी के लिये मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। इसके साथ ही अस्पताल में पर्याप्त स्टाफ रहे इसके लिये व्यवस्था करें। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीज को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही अस्पताल में मरीजों के लिये भोजन व्यवस्था के लिये भी निर्देशित किया।

सिविल अस्पताल के प्रभारी डा. प्रशांत नायक ने अस्पताल से संबधित आवशयकताओं को बताते हुए कहा कि अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की कमी है, इसको पूरा किया जाए, साथ ही कहा कि ब्लड स्टोरेज यूनिट लगाई जाए, स्मार्ट टॉयलेट बनाई जाएं। साथ ही अस्पाल में रात्रि में सुरक्षा व्यवस्था के लिये ऊर्जा मंत्री श्री तोमर से कहा जिस पर तुरंत उन्होंने सीएसपी से चर्चा कर रात्रि में गस्त के लिये बोला साथ ही अन्य व्यवस्थाओं के लिये मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया।

# सीआरपीएफ ने निकाली बाईक रैली, ग्रामीणों को हर घर तिरंगा लगाने के लिए किया जागरूक

### बैंड बाजे के साथ तिरंगा लेकर परिसर में पैदल मार्च भी किया



ग्वालियर। 'हर घर तिरंगा अभियान' में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केन्द्र ग्वालियर भी बढ़चढ़कर भागीदारी निभा रहा है। ग्रुप केन्द्र के जवानों ने शुक्रवार को मोटर साइकिल रैली निकालकर सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र के समीप स्थित गाँवों के लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया। साथ ही हर घर में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने का आह्वान किया।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केन्द्र ग्वालियर के जवानों ने परिसर के पारिवारिक आवासों में निवासरत सभी अधिकारियों एवं जवानों के परिजनों के साथ सामूहिक रूप से बैंड बाजों के बीच पैदल तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान सभी से अपने घर में राष्ट्रध्वज फहराने का आह्वान किया गया। इस आयोजन में सीआरपीएफ के कमाण्डेंट श्री ओमकार नाथ सिंह सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों की प्रमुख भूमिका रही।

## भाजपा ने निकाली सभी 60 वार्डों में तिरंगा यात्रा



ग्वालियर। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर देश के 75 वें आजादी के अमृत महोत्सव महोत्सव के तहत ग्वालियर महानगर के 60 वार्डों में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इन सभी 60 वार्डों में भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे।

वार्ड क्रमांक 34 में सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, वार्ड 29 में पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह, वार्ड 04 में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, वार्ड 55 में भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री वेद प्रकाश शर्मा, वार्ड 56 में पूर्व जिला अध्यक्ष श्री अभय चौधरी, वार्ड 25 में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री राजेश सोलंकी, वार्ड 35 में साडा के पूर्व अध्यक्ष श्री राकेश जादौन, वार्ड 43 में महापौर पद की प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा, वार्ड 21 में बीज निगम के अध्यक्ष श्री मुन्ना लाल गोयल उपस्थित रहे।

## भारत माता की जय के नारों के साथ तिरंगा मार्च निकालकर लिया राष्ट्र रक्षा का संकल्प



ग्वालियर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देशभर में आयोजित किए जा रहे घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं नगर निगम ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में आज प्रातः 8.00 बाल भवन से तिरंगा मार्च का आयोजन किया गया। तिरंगा मार्च में प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, महापौर डॉ श्रीमती शोभा सिकरवार, विधायक डॉक्टर सतीश सिंह सिकरवार, सभापति श्री मनोज सिंह तोमर, मुंबई से दिल्ली तक स्वयं कार चलाकर तिरंगा मार्च निकालने वाली सुश्री बीना शाह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी अपर आयुक्त नगर निगम श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, स्कूली छात्र छात्राओं एवं सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई को नमन कर राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत देश भर में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में ग्वालियर में भी आज तिरंगा मार्च का आयोजन सभी के सहयोग से किया गया। तिरंगा मार्च बाल भवन से प्रारंभ होकर भारत माता की जय कारों के साथ प्रमुख मार्गो से होते हुए फूल बाग स्थित वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के समाधि स्थल पर पहुंचा और जहां पर सभी ने वीरांगना को नमन कर राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए घर घर पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश निरंतर प्रगति कर रहा है तथा दुनिया भर में हमारे तिरंगे का मान बढ़ा है इसलिए हम सभी को गर्व से अपने अपने घरों पर तिरंगा फहराना चाहिए। इस अवसर पर महापौर डॉ श्रीमती शोभा सिंह सिकरवार ने कहा कि यह बहुत ही गौरव का अवसर है, हमारा ग्वालियर भी देश के अन्य विकसित शहरों की तरह साफ सुथरा एवं विकसित हो इसके लिए हम सब मिलकर निरंतर प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने सभी शहर वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अपने देश के गौरव राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे पर अभिमान होना चाहिए और सभी गर्व से अपने अपने घरों पर तिरंगा फहरायें। इस अवसर पर श्रीमती अंकिता अनूप कैलासिया ने स्वच्छता गीत गाकर सबको स्वच्छता का संकल्प दिलाया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सीएम राईज स्कूलों में कक्षावार सांस्कृतिक समूह गठित करें - संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना

### सीएम राईज स्कूल के प्राचार्यों की बैठक



ग्वालियर। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने कहा है कि सीएम राईज विद्यालय के प्राचार्य अपने विद्यालय में आनंदमयी वातावरण निर्मित करने, विद्यालयों में कक्षावार सांस्कृतिक समूह बनाने के साथ ही विद्यालय में परस्पर चर्चा हेतु प्रतिदिन विषय निर्धारित करने के साथ ही प्रत्येक शाला में अधिकतम जनभागीदारी के प्रयास करें। ग्वालियर-चंबल संभाग में सीएम राईज के अंतर्गत चयनित 47 विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक में यह बात कही गई।

संभागीय कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस समीक्षा बैठक में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग ग्वालियर श्री दीपक पाण्डे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार एवं सभी सीएम राईज विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे। बैठक के प्रारंभ में प्रजेण्टेशन के माध्यम से सभी विद्यालयों में की जा रही गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा किया गया।

संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने कहा है कि सीएम राईज विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को अंकुर अभियान एवं हर घर तिरंगा अभियान से जोड़ा जाए। दोनों ही गतिविधियों के फोटो निर्धारित एप पर विद्यार्थी अपलोड करें, यह भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक सीएम राईज विद्यालयों में उच्च शिक्षण संस्थाओं जैसे मेडीकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, विधि महाविद्यालय के छात्रों को भ्रमण हेतु बुलाया जाए एवं छात्रों के माध्यम से कैरियर गाइडेंस पर परिचर्चा भी आयोजित की जाए।

संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने यह भी निर्देशित किया है कि प्रत्येक सीएम राईज स्कूल में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से मेडीकल चेकअप की व्यवस्था भी की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना

### ग्वालियर जिले के बच्चों ने लाईव प्रसारण के जरिए सुना मुख्यमंत्री श्री चौहान का उदबोधन

**ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कोविड से माता-पिता खो चुके बच्चों से बँधवाई राखियाँ, बच्चों को दिलाया भरोसा आपके सुख-दुःख में सरकार सहभागी है**




ग्वालियर। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में अपने निवास पर ÷मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना÷ से जुड़े बच्चों से सीधा संवाद किया। साथ ही उनसे रक्षा सूत्र बँधवाए और बच्चों को उपहार प्रदान किए। इस कार्यक्रम का प्रदेश के सभी जिलों में सीधा प्रसारण हुआ। यहाँ ग्वालियर में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में जिले के बच्चों के साथ बैठकर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में भोपाल में आयोजित हो रहे कार्यक्रम को सीधे प्रसारण के जरिए देखा। वैश्विक महामारी कोरोना से अपने माता-पिता को खो चुके जिले के बच्चों से ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भी इस अवसर पर राखियाँ बँधवाईं। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने राखियाँ बांधने आए सभी बच्चों को उपहार प्रदान किए। साथ ही सभी बच्चों को भरोसा दिलाया कि आप सब अपने आपको अनाथ न समझें। आपके सुख-दुख में प्रदेश सरकार पूरा साथ देगी। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री चौहान की पहल पर प्रदेश सरकार ने ÷मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना÷ शुरू की है। कोविड से जिन बच्चों के माता-पिता असमय स्वर्ग सिधार गए हैं जिले के ऐसे 43 बच्चों को इस योजना के तहत हर माह पाँच हजार रूपए की आर्थिक सहायता निःशुल्क खाद्यान्न और शिक्षा के लिये सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अलावा ऐसे बच्चे जिनके माता या पिता में से किसी एक की मृत्यु कोविड के दौरान हुई है उन्हें भी स्पाँसरशिप तथा फोस्टर केयर योजना के तहत दो हजार रूपए प्रति माह आर्थिक मदद दी जा रही है। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला-बाल विकास श्री राहुल पाठक, मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना से जुड़े बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद थे।

### आरोपी सतेन्द्र राजपूत की गिरफ्तारी पर 3 हजार का ईनाम

ग्वालियर। मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपी सतेन्द्र राजपूत की गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ने 3 हजार रूपए का इनाम घोषित किया है। जो भी व्यक्ति विधि संगत तरीके से इस आरोपी को गिरफ्तार करने में मदद करेगा, उसे यह ईनाम दिया जायेगा। आरोपी सतेन्द्र राजपूत निवासी बागवान मोहल्ला मैनपुरी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत संगीन आपराधिक मामला दर्ज है।

### पी.एच.डी. छात्रवृत्ति के लिए 30 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

ग्वालियर। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दी जाने वाली अनुसूचित जाति, जनजाति और सभी वर्गों के दिव्यांग विद्यार्थियों को पी.एच.डी. छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए। नवीन एवं नवीनकरण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई है। छात्रवृत्ति आवेदन की जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट www.highere-ducation .mp.gov.in पर 'नवीन निर्देश' पर उपलब्ध है।

### सम्पत्तिकर एवं जलकर में लें शत प्रतिशत तक अधिभार में छूट का लाभ, नेशनल लोक अदालत आज

ग्वालियर। सम्पत्तिकर एवं जलकर के लंबित प्रकरणों में वसूली के लिए एवं प्रकरणों के निराकरण के लिए 13 अगस्त 2022 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय सदस्य सचिव मप्र राज्य/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला न्यायालय ग्वालियर के आदेशानुसार कोविड-19 की गाइडलाइन के चलते लोकआदलत का आयोजन नगर निगम के समस्त क्षेत्रीय/वार्ड कार्यालय क्रमांक 1 लगायत 25 एवं जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा। निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि शहर के नागरिकों के सम्पत्तिकर के लंबित वसूली प्रकरणों के निराकरण के लिए आयोजित लोक अदालत में कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट रहेगी। ऐसे प्रकरण जिनमें 50 हजार से 1 लाख तक की राशि बकाया है, उनके अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट एवं 1 लाख रुपए से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही जल उपभोक्ता प्रभार/जलकर के ऐसे प्रकरण जिन पर कर एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट रहेगी। ऐसे प्रकरण जिनमें 10 हजार से 50 हजार तक की राशि बकाया है, उनके अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट एवं 50 हजार रुपए से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट केवल एक बार में ही दी जाएगी।

### आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बैजाताल पर आयोजित होगें 13 से 18 अगस्त तक सांस्कृति एवं देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम

ग्वालियर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत दिनांक 13 से 18 अगस्त 2022 तक प्रतिदिन सांय 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक बैजाताल पर विभिन्न सांस्कृति एवं देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी शिशिर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 13 अगस्त शनिवार को गोल्डन इवेन्ट द्वारा नृत्य कार्यक्रम, 14 अगस्त रविवार को जे.डी. इन्सीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलोजी द्वारा फैशन शो, 15 अगस्त सोमवार को स्वीफनिक्स फाउन्डेशन द्वारा बैन्ड शो, गायन आदि, 16 अगस्त मंगलवार को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, 17 अगस्त बुधवार को शिवाजी यात्रा का कार्यक्रम एवं 18 अगस्त गुरूवार को एयर फोर्स द्वारा बेंड प्रस्तुती दी जाएगी।

### चकरी मेला स्थगित

ग्वालियर दिनांक 12 अगस्त 2022- नगर निगम ग्वालियर द्वारा प्रतिवर्ष रक्षाबंधन के दूसरे दिन आयोजित किए जाने वाला परंपरागत चकरी मेला तेज बारिश एवं मैदान गीला होने के कारण स्थगित कर दिया गया है। आगामी तिथि की सूचना पुनः दी जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478